बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 124 | बृहस्पतिवार 24 अगस्त 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

संस्कार उजाला

हिन्दी समाचार पत्र को आवश्यकता है विज्ञापन एंव खबर लाने वाले स्टाफ की। सम्पर्क करें

मो0-9456278011

### भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में रात भर हुई भारी बारिश के बाद चौकी मोड़ के पास भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 05 का परवाणू-सोलन हिस्सा वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। सोलन जिला प्रशासन के एक प्रवक्ता ने कहा कि हल्के भूस्खलन के बाद प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। प्रवक्ता ने कहा कि कल रात से क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण वाहनों के आवागमन पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी गई है। भूस्खलन के बाद जिले की कई सड़कें अरुवद्ध हो गयी है एवं कुछ गाड़िया दब गई एवं वाहनों की आवाजाही भी ठप हो गयी है। सोलन पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि चाकी मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के बाद बंद हो गया है, और जिले में कई स्थानों पर हल्के भूस्खलन के कारण अन्य वैकल्पिक मार्ग भी बंद हैं। पुलिस ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही सड़कों पर वाहन लेकर जाएं।

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पांच जोड़ी गाड़ियां निरस्त, सोमनाथ का मार्ग परिवर्तित

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के भोपाल-इटारसी रेल खण्ड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस मार्ग पर चलने वाली पांच जोड़ी ट्रेनों को निरस्त करने और सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। भोपाल मंडल की ओर से आज यहां मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार 23, 25, 26 एवं 27 अगस्त को गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस तथा 24, 26, 27 एवं 28 अगस्त को गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति -जबलपुर एक्सप्रेस आज से 27 अगस्त 2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12062 जबलपुर-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस 24 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक ट्रेन आज से 26 अगस्त 2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12854 भोपाल - दुर्ग अमरकंटक ट्रेन 24 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## छत्तीसगढ़ में सीएम के करीबियों पर ईडी का छापा

# भूपेश बघेल ने पीएम मोदी और शाह को क्यों कहा थैंक्यू ?

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी लगातार जारी है। बुधवार को ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीति सलाहकार सलाहकार विनोद वर्मा और ओएसडी के ठिकानों पर छापेमारी की है।विनोद वर्मा के देवेंद्रनगर निवास के साथ ओएसडी मनीष बंछोर, OSD आशीष वर्मा और उनके एक करीबी कारोबारी विजय भाटिया के घर भी पहुंची है। मुख्यमंत्री ने इसे अपना बर्थडे गिफ्ट बताते हुए पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री को तंज भरे लहजे में धन्यवाद कहा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में कथित शराब और कोयल परिवहन घोटाले को लेकर ईडी प्रदेश में लगता छापे की कार्यवाही कर रही है। इन मामलों में ईडी अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। कोयला परिवहन घोटाला में सीएम सचिवालय की अधिकारी सौम्या चौरसिया और रायगढ़ कलेक्टर आईएएस रानू सहित अन्य कई अफसर और कारोबारी इस वक्त जेल में हैं। बुधवार को छापेमारी किस मामले को लेकर हुई यह अभी साफ नहीं है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेंद्र बघेल का आज जन्मदिन है और मुख्यमंत्री के ओएसडी और राजनीतिक सलाहकार के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापे ने हड़कंप मचा दिया है। इससे पहले ईडी ने 21 जुलाई को रानू साहू, उनके आईएएस पति के निवास सहित कांग्रेस के नेता और अफसरों के घरों पर छापेमारी की थी। 22 जुलाई को ED ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की अफसर रानू साहू को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने उन्हें विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया था। ईडी ने 14 दिनों की रिमांड मांगी थी। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद आज 25 जुलाई को ईडी ने रानू साहू को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था।18 अगस्त को रानू साहू से संबंधित दस्तावेज प्रवर्तन निदेशालय ने रायपुर के कोर्ट में पेश किया है। रानू साहू अभी जेल में बंद हैं।



**● बता दें कि छत्तीसगढ़ में कथित शराब और कोयल परिवहन घोटाले को लेकर ईडी प्रदेश में लगता छापे की कार्यवाही कर रही है। इन मामलों में ईडी अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। कोयला परिवहन घोटाला में सीएम सचिवालय की अधिकारी सौम्या चौरसिया और रायगढ़ कलेक्टर आईएएस रानू सहित अन्य कई अफसर और कारोबारी इस वक्त जेल में हैं।**

**क्या बोले बघेल**

छापेमारी को लेकर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बघेल के जन्मदिन पर हुई छापेमारी को उन्होंने अपने लिए उपहार बताया और पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं श्री अमित शाह जी। मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार और मेरे OSD सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार।

## मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

# भाजपा अध्यक्ष बोले मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लगभग तीन महीने पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि ये मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है।

श्री शर्मा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि ये मुख्यमंत्री श्री चौहान का विशेषाधिकार है। इस पर वे कभी भी निर्णय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि अगर इस पर निर्णय हो भी रहा है, तो वह जल्दी ही सामने आएगा। दरअसल कल देर रात मुख्यमंत्री श्री चौहान की राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राजभवन में हुई मुलाकात के बाद से राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों को तेजी से बल मिला है। दोनों के बीच लगभग 15 मिनट की मुलाकात हुई।



समझा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के पहले जातिगत समीकरण और असंतोष को साधने के लिए कुछ वरिष्ठ नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है। राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए पिछले दिनों 39 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। इसके बाद कुछ सीटों पर असंतोष की खबरें उभरी हैं। इन्हीं सब कारणों को देखते हुए भी मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

राज्य की 230 सदस्यीय विधानसभा के मान से प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत 35 मंत्रियों को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जा सकता है। वर्तमान में मुख्यमंत्री समेत कुल 31 मंत्री हैं, ऐसे में चार पद अभी रिक्त हैं।

# नूंह में अब भी रिस्क! तैयारी में जुटे हिंदुओं को झटका, यात्रा को मंजूरी से इनकार

**गुरुग्राम।** नूंह में हिंसा की वजह से अधूरी रह गई यात्रा को 28 अगस्त को फिर से निकालने की तैयारी में जुटे विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों को झटका लगा है। सांप्रदायिक हिंसा की वजह से तनावग्रस्त नूंह में प्रशासन ने यात्रा की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। वीएचपी की ओर से मांगी गई अनुमति को खारिज कर दिया गया है। नूंह जिला प्रशासन ने मंगलवार शाम हिंदू संगठनों की ओर से लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया। एक सप्ताह पहले पलवल में वीएचपी समेत कई हिंदू संगठनों की महापंचायत में फैसला लिया गया था कि 31 जुलाई को अधूरी रह गई यात्रा को पूरा किया जाएगा।



यात्रा को सफल और पहले से भी अधिक व्यापक बनाने के लिए नूंह के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल जैसे पड़ोसी जिलों में भी तैयारी चल रही थी। नूंह के एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने अनुमति के आवेदन को खारिज किए जाने की पुष्टि की। जब स्थानीय वीएचपी नेता देवेंद्र सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने अनुमति खारिज किए की सूचना से इनकार किया और जोर दिया कि यात्रा के लिए अनुमति की कोई आवश्यकता ही नहीं है। 13 अगस्त को सर्व जातीय महापंचायत में फैसला लिया गया था कि यात्रा नल्हड़ मंदिर से शुरू होगी और फिरोजपुर झिरका के झीर और शिंगर मंदिर तक जाएगी। इससे पहले 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा पर हमले के बाद सांप्रदायिक हिंसा हो गई थी। हिंसा में एक होमगार्ड और एक मौलवी समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी। नूंह के अलावा गुरुग्राम और फरीदाबाद तक हिंसा की लपटें फैल गईं। तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के बीच कई जिलों में धारा 144 लगा दिया गया था। इंटरनेट भी बंद करना पड़ा था। भारी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती करके स्थिति को काबू किया गया।

# चुनाव से ठीक पहले शिवराज कैबिनेट में फेरबदल का प्लान




**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मध्य प्रदेश में कैबिनेट फेरबदल की अटकलें हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुछ विशेष जातियों के प्रतिनिधित्व की कमी की शिकायत को दूर करने के लिए कैबिनेट में कुछ नए चहरों को जगह दे सकते हैं। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में कम से कमम 4 नए चेहरों को जगह मिल सकती है। एक सूत्र ने बताया, नए चेहरों को शामिल करने के बाद सवर्ण और ओबीसी नेताओं के बीच संतुलन की उम्मीद है। बदलाव से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, कुछ पुराने मंत्रियों को हटाए जाने की भी संभावना है। एंटी इनकंबेंसी की काट के लिए कैबिनेट में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में काफी लंबे समय से सरकार है। भाजपा करीब 20 साल से सरकार चला रही है। बीच में बस पिछले चुनाव के बाद 15 महीनो के लिए कांग्रेस की सरकार रही। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने 39 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

# झारखंड में रांची समेत कई शहरों में ईडी ने मारी रेड

**रांची।** झारखंड के कई शहरों में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम शराब मामले में छापेमारी कर रही है। टीम रांची, दुमका, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा सहित 20 जगह छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी झारखंड राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित उरांव, नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह और शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों से संबंधित ठिकानों पर चल रही है। इसके अलावा देवघर के जमीन कारोबारी और बीजेपी नेता अभिषेक झा के यहां भी रेड चल रही है। शराब मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यह छापेमारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूरी छापेमारी शराब मामले में की जा रही है। अभिषेक झा पूर्व मुख्यमंत्री बिनोदानंद झा के पोते हैं। रांची के हरमू में योगेंद्र तिवारी के घर और दुमका महिजाम के फार्म हाउस में भी टीम रेड कर रही है। रांची में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के यहां भी ईडी की टीम पहुंची है। मंत्री के बेटे योगेंद्र तिवारी शराब कारोबारी के पार्टनर हैं। नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह के यहां भी टीम पहुंची है। इसके अलावा रांची के बड़े कारोबारी श्रवण जालान के ठिकाने पर भी ईडी टीम ने छापा मारा है।




**सुबह-सुबह निकली टीम**

छापेमारी के लिए ईडी की टीम सुबह-सुबह निकली। रिपोर्ट के अनुसार, 32 ठिकानों पर एजेंसी की छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ वाले सिंडिकेट को लेकर झारखंड में रेड की जा रही है। दुमका में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के कार्यालयों, करीबियों और परिजनों के यहां छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि तनिष्क शोरूम और तिवारी ऑटोमोबाइल योगेंद्र तिवारी के करीबियों के हैं, यहां टीम रेड कर रही है। रेड के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# जलवायु परिवर्तन के बावजूद जी20 से जीवाश्म ईंधन के लिए 116 लाख करोड़ रु. आवंटित, पर भारत दिखा रहा सख्ती

**नई दिल्ली।** जी-20 देशों ने यूक्रेन युद्ध के कारण ईंधन की बढ़ती कीमतों का मुकाबला करने और ऊर्जा भंडार को मजबूत करने के उद्देश्य से 2022 में जीवाश्म ईंधन का समर्थन करने के लिए अपने कोष से 1.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 116 लाख करोड़ रुपये) का पब्लिक फंड आवंटित किए हैं। एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। विन्निपेग (कनाडा) के स्वतंत्र थिंक टैंक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आईआईएसडी) और साझेदारों द्वारा किया गया यह अध्ययन ऐसे समय में सामने आया है जब जी-20 नेता नई दिल्ली में नौ से 10 सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं।

**भारत ने जीवाश्म ईंधन सब्सिडी में भारी कटौती की**

वर्तमान में जी-20 अध्यक्ष भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के लिए समर्थन बढ़ाते हुए 2014 से 2022 के बीच जीवाश्म ईंधन रियायत में 76 प्रतिशत की कटौती की। अध्ययन में कहा गया है कि यह भारत को इस मुद्दे पर नेतृत्व करने के लिए मजबूत स्थिति में रखता है। अध्ययन के अनुसार, 14 सौ अरब अमेरिकी डॉलर की अप्रत्याशित राशि में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी (एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर), देश के स्वामित्व वाले उद्यम निवेश (322 अरब अमेरिकी डॉलर) और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा उधार दिया गया धन (50 अरब अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि यह कुल राशि 2019 में कोविड-19 महामारी और ऊर्जा संकट से पहले की स्थिति की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है।




आईआईएसडी के वरिष्ठ सहयोगी और अध्ययन की मुख्य लेखक तारा लान ने कहा, यह आंकड़े इस बात की याद दिलाते हैं कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते विनाशकारी प्रभावों के बावजूद जी-20 सरकारें जीवाश्म ईंधन में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन खर्च कर रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 शिखर सम्मेलन में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के मुद्दे पर विचार-विमर्श जरूरी है, खासकर जब जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बदतर होते जा रहे हैं।

तारा ने कहा कि जी-20 के पास हमारी जीवाश्म-आधारित ऊर्जा प्रणालियों को बदलने की शक्ति और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जी-20 समूह के लिए 'दिल्ली लीडर्स समिट' के एजेंडे में जीवाश्म ईंधन रियायत को शामिल करना और कोयला, तेल और गैस के लिए सभी सार्वजनिक वित्तीय प्रवाह को खत्म करने के लिए सार्थक कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है।

जीवाश्म ईंधन के लिए वित्तीय सहायता अत्यधिक गर्मी की स्थिति, जंगल की आग और भारी बारिश जैसे मानव निर्मित जलवायु संकट और इसके कठोर प्रभावों को और बढ़ा सकते हैं। रिपोर्ट में इस बात को रेखांकित किया गया है कि जीवाश्म ईंधन की कीमतों को कम करने के लिए सब्सिडी देना एक समस्या है क्योंकि यह इन हानिकारक ऊर्जा स्रोतों के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करती है।

अध्ययन में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी से छुटकारा पाने के लिए एक बेहतर योजना का भी सुझाव दिया गया है। इसमें कहा गया है कि विकसित देशों को इसे 2025 तक बंद कर देना चाहिए और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को इसे 2030 तक समाप्त करना चाहिए।

# राजस्थान में जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस

जयंती पर विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा

**चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें। भाजपा द्वारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।**

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं। जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे। जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं।

गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।

जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा।




कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था।

सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई।

विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है।

बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथ्मिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो।

बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी पर भी तंज कसते हुये कहा कि आपको पार्टी ने दो बार मौके दिया जीते नहीं तो पार्टी ने राज्यसभा सांसद बना दिया। कम से कम अब तो एक विधानसभा सीट जितवाने की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए।

चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें। भाजपा द्वारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।

## संपादकीय

### भरोसे का संकट

मणिपुर में जातीय हिंसा के पीड़ितों के राहत और पुनर्वास कार्यों पर निगरानी के लिए पूर्व न्यायाधीश गीता मित्तल की अगुवाई में गठित समिति ने सोमवार को सर्वोच्च अदालत में तीन रिपोर्ट सौंपीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि रिपोर्टों के आलोक में 25 अगस्त को 'कुछ प्रक्रियागत निर्देश' जारी करेगी। अदालत ने 7 अगस्त को पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास कार्यों और उन्हें दिए जाने वाले मुआवजे पर निगरानी के लिए उच्च न्यायालय की तीन पूर्व न्यायाधीशों की एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था। इस बीच, बीरेन मंत्रिमंड़ल द्वारा राज्यपाल अनुसुइया उइके से 21 अगस्त से विधानसभा सत्र बुलाने की सिफारिश करने के बावजूद सोमवार को सदन की बैठक नहीं हुई। गौरतलब है कि पिछला विधानसभा सत्र मार्च में अनिश्चितकाल के स्थगित कर दिया गया था इसलिए संवैधानिक बाध्यता है कि अगला सत्र दो सितम्बर से पहले बुलाया जाए। राज्य में स्थिति तनावपूर्ण और चिंताजनक है और मंत्रिमंड़ल की सिफारिश के बावजूद राजभवन ने इस बाबत 'आधिकारिक अधिसूचना' जारी नहीं की है। राज्य विधानसभा का हर छह महीने पर सत्र आयोजित किया जाना अनिवार्य है। राज्य सरकार चाहती है कि सत्र बुलाया जाए, लेकिन अभी तक राजभवन की तरफ इस बाबत अधिसूचना जारी नहीं हुई है जबकि सत्र बुलाने से कम-से-कम 15 दिन पहले अधिसूचना जारी होनी चाहिए। दरअसल, भ्रम की स्थिति इसलिए ज्यादा बनी कि विभिन्न दलों से जुड़े. कुकी समुदाय के 18 विधायकों ने विधानसभा सत्र में शामिल होने में असमर्थता जताई है। वे हिंसा के मौजूदा हालात में सत्र में हिस्सा न लेने में ही भलाई समझ रहे हैं। उनकी यह भी मांग है कि हिंसा की रोकथाम के लिए कुकी का अलग प्रशासन हो। नागा समुदाय से जुड़े. विधायक भी सत्र बुलाए जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्हें लगता है कि सरकार नागा शांति वाता में बाधा ड़ाल रही है। बहरहाल, अभी जो हालात हैं, उनसे राज्य में पूरी तरह भ्रम की स्थिति बन चुकी है। तीनों प्रमुख समुदायों कुकी, मैतई और नागा के बीच परस्पर विश्वास रह नहीं गया है, बल्कि तीनों समुदाय मौजूदा घटनाक्रम के चलते शंका में हैं। लेकिन राज्य सरकार उन्हें भरोसा नहीं दिला पा रही।

#### चिंतन-मनन

### सत्ता और नैतिकता

सत्ता के संचालन में शक्ति की अपेक्षा रहती है या नहीं, यह एक बड़ा प्रश्न है। शक्ति दो प्रकार की होती है- नैतिक शक्ति और उपकरण शक्ति। नैतिक शक्ति के बिना तो व्यक्ति सही ढंग से प्रशासन कर ही नहीं सकता। उपकरण शक्ति का जहां तक प्रश्न है, एक सीमा तक वह भी जरूरी है। किंतु वह शक्ति का एकमात्र तत्व नहीं है। उससे भी अधिक आवश्यक है- बुद्धि, विवेक, साहस और निर्णायक क्षमता। जिस शासक में ये चारो तत्व नहीं होते, वह सही रूप से सत्ता को संचालित नहीं कर सकता। एक शासक के पास बहुत बड़ी सेना हो, शस्त्रों का विशद भंडार हो; पर सही समझ न हो और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता न हो तो शक्ति भी अहितकर बन जाती है। सामान्यतः राष्ट्रीय एवं सामाजिक सत्ता के संचालन में शक्ति तत्व अपेक्षित रहता है, पर वही सब कुछ नहीं है, परम तत्व नहीं है।

अधिकारी व्यक्ति की चरित्रनिष्ठा, जागरूकता और जनता की सहानुभूति का योग होने से ही सत्ता के गलियारों को पार किया जा सकता है। किसी एक तत्व की कमी होते ही प्रशासक विवादों के घेरे में खड़ा हो जाता है। उस समय वह सत्ता का संचालन करता है या सत्ता के द्वारा संचालित होता है, कुछ कहना कठिन है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम और रावण का प्रसंग प्रसिद्ध है। रावण की सत्ता से संसार कांपता था, इधर राम वनवासी थे। उनके पास न वैसी सेना थी, न वैसा शास्त्रबल था। फिर भी उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दे दी। रावण धराशायी हो गया, क्योंकि उसका चरित्रबल क्षीण हो गया, सूझबूझ समाप्त हो गई, सही निर्णय लेने की क्षमता चुक गई और उसने जनता की सहानुभूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के सहारे सत्ता का संचालन होता तो न रावण मारा जाता और न कौरवों को पराजय का मुंह देखना पड़ता। पिछली सदी तक भारत का शासन-सूत्र अंग्रेज संभाल रहे थे, शक्ति की उनके पास कमी नहीं थी। उनके सामने भारत छोड़ने की विवशता शक्ति की कमी से नहीं थी। ये प्रसंग प्रमाणित करते हैं कि प्रबुद्ध जनता केवल

## (कटाक्ष) रेल मंत्रालय अब परिवार कल्याण कार्यक्रम में भी भागीदार!



डॉ. अरविन्द प्रेमचंद जैन

जैसे हमारे शरीर में बहुत से विभाग होते हैं सञ्चालन हेतु जैसे पाचनतंत्र, रक्तसंचरण तंत्र, श्वसन तंत्र, अस्थि तंत्र, नर्वस सिस्टम, रीनल सिस्टम। आदि आदि, संसार को चलने में सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि, फिर मौसम। कुआँ, तालाब, नदी, नाले, समुद्र आदि होते हैं फिर फसल जो हमारे भोजन के लिए आवश्यक हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात। इसी प्रकार सरकार में भी कई सरकार होती हैं जैसे केंद्र, राज्य, स्थानीय, पंचायत आदि।

केंद्र सरकार में भी राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, संसद और उनके मंत्रिमंडल। मंत्री मंडल में भी बहुत सारे विभाग हैं जो एक दूसरे के लिए बनते हैं और सबसे अधिक वित्त मंत्री होते हैं उनके द्वारा ही सबको बजट दिया जाता हैं और वैसे भी कुबेर की और सब कृपा भाव से देखते हैं और उनकी कृपा पर ही विकास संभव होता हैं। उसके बाद गृह, रक्षा, स्वस्थ्य, रेल इत्यादि विभाग हैं और सबका साथ और सबका विकास का सूत्र सब पर लागु होता हैं। कृषि से भोजन, योजना से भविष्य, जिस प्रकार शरीर के प्रत्येक अंग प्रत्यंग बराबर के उपयोगी हैं इसी प्रकार सरकार के प्रत्येक विभाग विकास के सहयोगी हैं।

वर्तमान में हमारे देश की आबादी लगभग 135 करोड़ के ऊपर पहुंच रही हैं यानि हम चीन से अग्रणी होने जाने जा रहे और सरकार ने 1975 में परिवार नियोजन का सूत्र अपनाया था उसके बाद परिवार कल्याण विभाग का सूत्रपात हुआ. और हम स्वतंत्रता के बाद करीब 5 गुना आबादी में बढ़ गए । यह प्रगति का शुभ संकेत हैं ! जितना आबादी उतना संकट. इसके लिए स्वस्थ्य मंत्रालय ने रेल मंत्रालय से यह अनुबंध कर लिया की आप एक्सीडेंट के माध्यम से आबादी कम करे और प्रभु के द्वारा प्रभु तक पहुंचने का सही मार्ग हैं। इससे सरकार को आबादी कम करने में सुगमता हैं।

आने वाले समय में जब वरिष्ठ कर्मचारी सेवा निवृत होंगे और फिर आरक्षण के कारण जो भी भर्ती होंगी उनकी योग्यता के आधार पर रेल सञ्चालन होगा और वह सञ्चालन उत्कृष्ट होगा जिससे शासन को भी लाभ होगा और जनता भी खुश रहेंगी. कमसे कम रेल दुर्घटना के बाद उसके परिवार को अनुग्रह राशि मिलेंगी और वह तो सुखद मौत मरेंगा और परिवार को उपादेय होगा.कम से कम परिवार मृत आत्मा को शांति देगा और आर्थिक सम्पन्नता होंगी। पर यह सब होगा आरक्षण करने बाद यात्रा करने वालों को। पर सामान्य दर्जे वाले को कोई लाभ नहीं होगा कारण वह अनारक्षित हैं और शायद अनार्क्षितों को लाभ नहीं मिलता जितना आरक्षित जानो को मिलता हैं।

इन एक्सीडेंट के बहाने नै रेल गाड़ियां बनेंगी, पटरी सुधरेंगी और धीरे धीरे जन- संख्या कम होंगी और सरकार यह नहीं कह सकेंगी की डॉक्टरों की लापरवाही से मौतें हुई, इस कलंक से स्वास्थ्य विभाग बच जाएंगे और रेल विभाग तो पहले से ही प्रसिद्ध हैं क्योकि रेल में यात्रा करने से बीमा होने से सरकार को आमदनी होती हैं और बीमा होने से बीमा कंपनी को भुगतान करना होंगे,प्रधान मंत्री सहायता कोष तो हमेशा तैयार रहता हैं। उसका अलग। हमारे मध्य प्रदेश में तो किसान आंदोलन में मरने वाले को 1 करोड़ दिया गया जिस पर मुकदमा चल रहा हैं पर रेल बहुत सुरक्षित हैं इस मामले कारण रेल दुर्घटना सबके सामने होती हैं और उसमे यात्री की कही भी गलती नहीं होती, इससे यात्री बच जाते हैं सरकारी कर्मचारी भी निलंबन के बाद जीत जाता हैं और उसको सम्पूर्ण भुकतान मिलता हैं।

इसी प्रकार हमारे देश में बरसात में बाढ़ के कारण भी बहुत मृत्यु होती हैं, गर्मी से भी लू के कारण और ठण्ड में अलाव न लगाने के कारण बेचारे मरते हैं उनमे कोई अनुग्रह राशि का प्रावधान न होने से सरकार का कोई धन खरच होता और आबादी कम हो जाती हैं उसका प्रतिशत कम होता हैं, रेल एक्सीडेंट की अपेक्षा। ईश्वर के हाथ में कुछ नहीं वर्तमान में, वर्तमान अश्विनी वैश्य ही हैं आबादी नियंत्रण करने के लिए. खूब विभाग एक्सीडेंट में प्रगति कर स्वस्थ्य विभाग के सपनों को पूरा करे यही हम प्रार्थना कर सकते हैं। ॐ शांति आपके अनुकरणीय सहयोग के लिए और इसका विकास निरंतर हो।

## मुद्दा : बढ़ रहा नशे का गोरखधंधा



रमेश ठाकुर

दिल्ली में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदाथरे की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है।

एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार अब इस कदर फैल चुका है कि जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है, और उसके शौकीन कौन-कौन हैं?

दरअसल, यह एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे, तो चारों ओर भूचाल मच जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं। हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदाथरे का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं? इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है। इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्च कोटि के नशे पदार्थ के खरीददार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां केंद्र सरकार से लेकर, ब्यूरोक्रेट लॉबी, उच्चस्तरीय अफसर, बड़े से बड़े उद्योगपति और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनका रहन-सहन, जीने का स्टाइल से तो सभी वाकिफ ही हैं।



फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती? दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं? निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है, जिसके के लिए यह कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा भी मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेट सिंबल समझने लगे हैं। इस गिरफ्त में समूचे हिन्दुस्तान का युवा फंसा है। पहुंच स्कूल-कॉलेजों तक में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े औहदेदार का पुत्र था। इस घटना से अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर वो बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया ताकि पहचान उजागर न हो?

मादक पदार्थ कारोबार में इंवॉल्व बड़े लोगों की पहचान कभी भी सार्वजनिक नहीं की जाती? यह दोहरा मापदंड़ क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी दिल्ली में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि दिल्ली की सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। इसलिए तस्कर मादक पदार्थों की सप्लाई सुगमता से करते हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कूरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी दिल्ली में बीते तीन सालों में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकीन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी जबकि, इस साल यह डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते पांच-छह सालों से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से खुलेआम शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता।

राजधानी दिल्ली और उससे सटे इलाकों में ड्रग्स का कारोबर मौजूदा समय में आग की तरह फैला हुआ है। दिल्ली में शनिवार को 40 करोड़ की अफीम पकड़ी गई, जिसकी सप्लाई लुटियन जोन और पॉश इलाकों में होनी थी। स्पेशल सेल के पास पूरी जानकारी है कि अफीम कहां-कहां और किन-किन लोगों में होनी थी? पर, कुछ भी नहीं बताया। हां, इतना जरूर है कि उनको बलि का बकरा बनाने में देर नहीं की जो कमजोर कड़ी थे। अफीम मणिपुर और जम्मू से लाई गई थी, ड्रग्स तस्करों के नाम भी जाहिर कर दिए गए थे। इनका काम मात्र इतना था कि डिलीवरी लेनी थी और ठिकाने पर पहुंचानी थी? दिल्ली पुलिस की स्पेशल ने उन पर हाथ नहीं डाला, जो इस खेल की बड़ी मछलियां हैं। राजधानी हेरोइन, कोकीन, गांजा और अफीम का हब बन गई है। पिछले कुछ सालों में दिल्ली में यह कारोबार काफी तेजी से बढ़ा है। दिल्ली में पहले नशे के इस कारोबार के 15 हब थे, लेकिन अब यह बढ़कर 64 हो चुके हैं, और यह सब हुआ है। पिछले 4 सालों में। मादक पदार्थ बड़े लोगों का शौक है। यह सच्चाई पुलिस भी जानती है और हुकूमत भी। इसलिए यह धंधा यूं ही चलता रहेगा। जरूरत इस बात की है कि आम लोगों को अपने बच्चों को बचाना होगा। स्कूल-कॉलेजों में पढ़ने वाले नौनिहालों पर खास तौर पर ध्यान रखना होगा। उन्हें खेलों की तरफ प्रेरित करके उन्हें सकारात्मकता की तरफ मोड़ा जाए तो यकीनन इस बुराई से अभिभावक अपने बच्चों को बचाए रख सकते हैं।

# इन छह सितारों ने बनाई चांद के सफर की सीढ़ी, अपने हुनर और कौशल से मिशन को बनाया अत्याधुनिक

**लखनऊ।** इसरो के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 को सफल बनाने के पीछे देशभर की प्रतिभाओं की कड़ी मेहनत है। इसमें देश के अलग-अलग शहरों के वैज्ञानिक ने दिन रात मेहनत कर अपने हुनर और कौशल के जरिए मिशन को इस मुकाम तक पहुंचाया है। इसमें किसी का योगदान अत्याधुनिक कैमरा इस्टॉल करने का है तो किसी ने चंद्रयान के लिए खास सॉफ्टवेयर तैयार किया। मिशन चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाने में देवरिया स्थित बनकटा के अभिषेक के महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इस महत्वाकांक्षी मिशन में सेटेलाइट की गति को नियंत्रित करने, सुरक्षित लैंडिंग कराने एवं चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने वाले देवरिया के इस सितारे की सब ओर चर्चा हो रही है। इसरो में कार्यरत मुरादाबाद निवासी अनीश सक्सेना चंद्रयान मिशन 1 से लेकर अब तक जुड़े हैं। उनके बनाए गए हाई रिजोल्यूशन कैमरों से चांद की आभा को निहार रहे हैं। उन्होंने चंद्रयान 2 में लैंडर गिरने के बारे में सटीक जानकारी टीम को उपलब्ध करवाई थी। दूसरे वैज्ञानिक मेघ भटनागर हैं। वह चंद्रयान के महत्वपूर्ण हिस्सा ऑनबोर्ड सॉफ्टवेयर के क्वालिटी कंट्रोलिंग का जिम्मा संभाल रहे हैं। तीसरे वैज्ञानिक रजत प्रताप सिंह भी



रॉकेट की कंट्रोलिंग करने वाली टीम में अपना योगदान दे रहे हैं। इसरो ने जानकारी दी है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग की जिम्मेदारी इस बार लखनऊ की वरिष्ठ महिला वैज्ञानिक डॉ. रितु को सौंपी गई है और वह चंद्रयान-3 की मिशन डायरेक्टर हैं। अभियान के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. वीरा मुथुवेल हैं। इसके पहले डॉ. रितु मंगलयान की डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर और चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर रह चुकी हैं। डॉ. रितु कारिधाल का जन्म 1975 में लखनऊ के मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। बचपन से उन्हें चांद-सितारों और आसमान में दिलचस्पी थी। इसरो और नासा से संबंधित समाचार पत्रों के लेख, जानकारी और तस्वीरें इकट्ठा करना उनका शौक था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से भौतिकी में बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की। फिर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री लेने के लिए आईआईएससी, बंगलूरू में दाखिला लिया। डॉ. करिधाल ने नवंबर 1997 से इंजीनियर के तौर पर इसरो में काम करना शुरू किया। मुजफ्फरनगर के अवध विहार निवासी जैन कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला की बेटी शितीशा भी चंद्रयान-3 का हिस्सा हैं। इसरो में 2017 से कार्यरत शितीशा चंद्रयान-2 और गगनयान मिशन की इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ टीम में रहीं है। उनकी टीम ने लैंडर का निर्माण किया। चंद्रयान-3 मिशन में टूंडला क्षेत्र के गांव टिकरी निवासी वरिष्ठ वैज्ञानिक धर्मेंद्र यादव भी शामिल हैं। चंद्रयान-3 के लांच होने के बाद वह बंगलुरू से इसकी निगरानी कर रहे हैं। धर्मेंद्र के पिता शंभू दयाल यादव और मां का नाम कमला है। पिता एक किसान हैं। वैज्ञानिक धर्मेंद्र यादव के भाई उपेंद्र यादव ने बताया कि चंद्रयान की लांचिंग हरिकोटा से हुई थी। चंद्रयान की निगरानी बंगलुरू से की जा रही है। इसमें धर्मेंद्र वरिष्ठ वैज्ञानिक की भूमिका में निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान को लेकर पूरा देश भारतीय वैज्ञानिकों पर गर्व महसूस कर रहा है। मगर, धर्मेंद्र की भूमिका से गांव में उत्साह का माहौल बना है। चंद्रयान-3 में 'एसएचएपीई लगाने का काम प्रतापगढ़ के रवि केसरवानी और उनकी टीम ने किया है। रवि के अनुसार अब तक यान को चंद्रमा से रिफलेक्ट होने वाला प्रकाश मिलता है। एसएचएपीई लगने से चंद्रयान सीधे धरती से जुड़कर प्रकाश ले रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिजनौर में घर में घुसा 10 फीट लंबा अजगर: वजन 45 किलो



**बिजनौर ।** रेहड़ इलाके में जंगल से निकलकर 10 फीट लंबा अजगर एक घर में जा घुसा। घर में अजगर को देखकर परिजनों के होश उड़ गए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को एक बोरे में बंद कर लिया और सुरक्षित जंगल में छोड़ा। पूरा मामला बिजनौर के रेहड़ थाना क्षेत्र का है, जहां के गांव कल्लुवाला के रहने वाले आजाद सिंह के मकान में देर शाम अचानक से एक बड़ा सा अजगर जंगल से निकाल कर घर में घुस आया। परिजनों ने देखा कि घर के अंदर अलमारी के पीछे एक बड़ा सा अजगर बैठा है, तो उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। आजाद सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से अजगर को घर से बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन उनकी यह कोशिश नाकाम रही। सूचना पर वन विभाग टीम मौके पर पहुंची। टीम में शामिल भोपाल सिंह, वाचक मनोज कुमार, जफर अली व मनोज ने मौके पर पहुंचकर एक बोर के मुंह पर पाइप लगाकर अजगर को रेस्क्यू कर बोरे में बंद कर लिया। इस मामले में अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्राधिकारी खुशबू उपाध्याय ने बताया की अजगर की लंबाई 10 फिट है, जबकि वजन 45 किलो के लगभग है। अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है।

### मथुरा में बारिश के पानी में फंसी स्कूली बस



**मथुरा।** यूपी में मानसून अपने आखिरी दौर में झूमकर बरस रहा है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मथुरा में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर 2-3 फीट तक पानी भर गया। आगरा में सड़कें तालाब बन गई। भीषण बारिश से कानपुर का एशिया का सबसे बड़ा नाला ओवरफ्लो होने से पुल तक डूब गया। वहीं, लखनऊ में 24 घंटे से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। इससे निचले इलाके में जलभराव हो गया। सबसे ज्यादा बारिश मथुरा में हुई। यहां नए बस स्टैंड के नीचे स्कूल बस फंस गई। बस को धक्का देकर निकाला गया। आगरा में एक जर्जर मकान ढह गया। हालांकि, मकान में कोई रहता नहीं था। ऐसे में लंबे समय से कोई रहता नहीं था। मौसम विभाग के पूवार्नुमान की बात करें, तो बुधवार को प्रदेश के 42 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। 25 अगस्त तक बादल मेहरबान रह सकते हैं। आज पूर्वांचल के ज्यादातर जिलों को बारिश सराबोर करने वाली है। मथुरा में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। इससे कुंज गलियों में भयंकर जलभराव हो गया है। सुबह शहर के दलपत खिड़की इलाके में एक मकान ढह गया। ये चाय बनाने वाले प्रदीप कुमार यादव का है। हादसे के वक्त परिवार के लोग बाहर थे। इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ।

# मीडिया की शक्ति और समाज पर इसका प्रभाव!




**संस्कार उजाला**

तीव्र तकनीकी प्रगति और बदलते संचार परिदृश्य वाले युग में, मीडिया की भूमिका और प्रभाव में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। सार्वजनिक चर्चा को आकार देने, सत्ता को चुनौती देने और सरकारों को जवाबदेह ठहराने की जो शक्ति मीडिया के पास थी, वह बदलती दिख रही है, जिससे लोकतंत्र और सार्वजनिक जुड़ाव पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं। यह लेख मीडिया शक्ति की बदलती गतिशीलता, सरकार, विपक्ष और जनता पर इसके प्रभाव और मीडिया प्रभाव के कमजोर होने या मजबूत होने के पीछे अंतर्निहित प्रेरणाओं की पड़ताल करता है।

मीडिया प्रभाव का बदलता परिदृश्यः

परंपरागत रूप से, मीडिया "चौथे स्तंभ" के रूप में कार्य करता है, जो एक लोकतांत्रिक समाज के भीतर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पत्रकारों ने प्रहरी के रूप में काम किया, सार्वजनिक चिंता के मुद्दों की जांच की, भ्रष्टाचार को उजागर किया और सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया। हालाँकि, डिजिटल मीडिया, सोशल प्लेटफॉर्म और सूचना के वैकल्पिक स्रोतों के उदय ने मीडिया परिदृश्य को खंडित कर दिया है, इसके प्रभाव को कम कर दिया है और नई चुनौतियाँ पैदा की हैं।

मीडिया प्रभाव और सरकारः

जैसे-जैसे मीडिया का प्रभाव कम होता जा रहा है, कुछ लोगों का तर्क है कि इस बदलाव से सरकारों और राजनेताओं को लाभ होता है। कम आलोचनात्मक कवरेज के साथ, अधिकारियों को अपनी सार्वजनिक छवि को प्रबंधित करना और कथा को नियंत्रित करना आसान हो सकता है। सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना का प्रसार पारंपरिक पत्रकारिता गेटकीपिंग को दरकिनार कर सकता है, जिससे सरकारों को नागरिकों के साथ सीधे संवाद करने की अनुमति मिलती है, संभावित रूप से पूरी तरह से जांच के बिना सार्वजनिक धारणा को आकार मिलता है।

मीडिया प्रभाव और सार्वजनिक धारणाः

मीडिया के प्रभाव के कमजोर होने से यह भी प्रभावित हो सकता है कि जनता सरकारी कार्यों, नीतियों और सामाजिक मुद्दों को कैसे देखती है। एक मजबूत मीडिया सरकार और नागरिकों के बीच एक पुल के रूप में कार्य करता है, जो सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है। एक मजबूत मीडिया के बिना, गलत सूचना और पक्षपातपूर्ण आख्यान अनियंत्रित रूप से फैल सकते हैं, जिससे जनता की सूचित निर्णय लेने की क्षमता बाधित हो सकती है।

सार्वजनिक लाभ के लिए मीडिया को मजबूत बनानाः

यह स्पष्ट है कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक जीवंत और स्वतंत्र मीडिया आवश्यक है। एक मजबूत मीडिया सत्ता के प्रति संतुलन के रूप में कार्य करता है, पारदर्शिता सुनिश्चित करता है और सार्वजनिक हितों की रक्षा करता है। जब मीडिया सरकारों को जवाबदेह ठहराता है, तो यह एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देता है जहां निर्वाचित अधिकारियों द्वारा जनता के सर्वोत्तम हित में कार्य करने की अधिक संभावना होती है।

प्रेरणाओं को समझनाः

सवाल उठता हैः कमजोर मीडिया से किसे फायदा होता है और मजबूत मीडिया से किसे फायदा होता है? एक कमजोर मीडिया सत्ता में बैठे लोगों के हितों की पूर्ति कर सकता है, जिससे वे कम जांच के साथ काम कर सकेंगे। इसके विपरीत, एक मजबूत मीडिया चिंताओं को व्यक्त करने, प्राधिकार को चुनौती देने और सार्वजनिक नीति को आकार देने के लिए एक मंच प्रदान करके जनता को सशक्त बनाता है।

कुल मिलाकर एक ऐसे युग में जहां सूचना स्वतंत्र रूप से और तेजी से प्रवाहित होती है, सार्वजनिक चर्चा को आकार देने में मीडिया की भूमिका सर्वोपरि बनी हुई है। मीडिया प्रभाव का बदलता परिदृश्य लोकतंत्रों के स्वास्थ्य और सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही के बारे में महत्वपूर्ण सवाल उठाता है। जनता को यह समझना चाहिए कि जागरूक नागरिक के रूप में उनकी भूमिका मीडिया की ताकत से जटिल रूप से जुड़ी हुई है। एक कमजोर मीडिया कम सूचित और व्यस्त नागरिकों को जन्म दे सकता है, जबकि एक मजबूत मीडिया लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और सार्थक भागीदारी को बढ़ावा दे सकता है। जैसे-जैसे समाज इन परिवर्तनों को आगे बढ़ा रहा है, एक मजबूत, स्वतंत्र और जिम्मेदार मीडिया के महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता है।

यदि आपको यह लेख पसंद आया तो कृपया इसे शेयर करें। *आप इसे अपने समाचार पत्र या वेबसाइट पर साभार पुनः प्रकाशित करने के लिए भी स्वतंत्र है।

# सड़क हादसों में एक महिला की मौत

**तीन लोग गंभीर घायल, रोड पार करते समय वाहन ने मारी टक्कर, बाइक से भिड़ी कार**





**बिजनौर ।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को बिजनौर जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र के



हुसैनपुर के पास हुआ, जहां नेशनल हाईवे 119 पर कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरा हादसा बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 74 पर देर शाम लगभग 5:30 बजे उस वक्त हुआ, जब शेरकोट के मोहल्ला अचारजान की रहने वाली लक्ष्मी (50) पत्नी जगदीश जंगल से घर लौट रही थी, जैसे ही वह नेशनल हाईवे 74 स्थित मनोकामना मंदिर के पास पहुंची और सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार की तलाश में जुट गई।

# 'निष्पक्ष मिली नौकरी, जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे- खेल से यूपी का मान बढ़ाएंगे'

- लोकभवन में बुधवार को नवचयनितों के अंतर्मन से निकले योगी सरकार के प्रति विश्वास के बोल
- सीएम ने जुलाई में भी खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया था
- प्रदर्शन के आधार पर दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को भी यूपी में मिली नौकरी

















संवाददाता

लखनऊ । खेलों में भी यूपी की अब अलग पहचान बन चुकी है। पदक लाने वाले खिलाड़ियों को योगीराज में यहां भी राजपत्रित अधिकारी के रूप में नौकरी मिल रही है। सीएम योगी की निष्पक्ष कार्यप्रणाली व अपनी खेलों-प्रतिभा की बदौलत यूपी की माटी की महक दुनिया में महकाने वाले खिलाड़ियों को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से नौकरी मिली। यूपी के खिलाड़ी हों या राज्य से बाहर के, सिर्फ और सिर्फ खेल में प्रदर्शन ही उनके चयन का आधार बना। नियुक्ति पत्र पाने वाले 233 आरक्षियों ने सीएम योगी के नेतृत्व में हुई निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की न सिर्फ सराहना की, बल्कि विश्वास भी दिलाया कि नौकरी के जरिए जरूरतमंदों को न्याय दिलाएंगे और खेल के जरिए यूपी का मान बढ़ाएंगे। आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों के खिलाड़ी भी यूपी का हिस्सा बने। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार दो महीने (जुलाई व अगस्त) खेल कोटे से आरक्षियों को नियुक्ति पत्र देकर यूपी पुलिस की नौकरी से जोड़ा। 23 अगस्त को मुख्यमंत्री ने लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 233 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया तो इसके पहले 8 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया था। यही नहीं, 6 जुलाई को भी मुख्यमंत्री ने खेल के इतर लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1148 पदों पर नियुक्ति पत्र दिया था।\ हरियाणा निवासी जतिन जूडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका में हुए कॉमनवेल्थ जूडो चैंपियनशिप-2023 जतिन ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा कि खेल कोटे से उन्हें नौकरी मिली। यूपी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हुआ। इससे अच्छे खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिला। विश्वास दिलाते हैं कि यूपी के खिलाड़ी आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर मेडल लाएंगे। नवचयनित राजस्थान के मूल निवासी दिनेश चौधरी ने कहा कि योगी जैसी सरकार किसी प्रदेश में नहीं है। निष्पक्ष भर्ती हुई है और सबके सामने पारदर्शिता से कार्य हुआ है। भेदभाव जैसी चीज यहां बिल्कुल भी नहीं है। हमें सिर्फ और सिर्फ अपने चयन के आधार पर ही नौकरी मिली। यह बड़ी बात है। प्रदर्शन ही चयन का मानक बना तो यह सिर्फ योगीराज में ही संभव है। यूपी के देवरिया निवासी रोइंग खिलाड़ी शोभित पांडेय ने कहा कि निष्पक्ष भर्ती के कारण ही अच्छे खिलाड़ी निकलकर आए हैं। अब हमारी जिम्मेदारी है कि यूपी के लिए पदक लाने के साथ लोगों को न्याय मिले। हम यूपी के लिए निरंतर खेलों में पदक लाते रहेंगे और अपने गांव-प्रदेश का नाम बढ़ाते रहेंगे। सीएम योगी युवाओं के स्वावलंबन और उनकी प्रतिभा का लाभ यूपी को मिले, इसके लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उत्तराखंड की रहने वालीं खिलाड़ी तनु मलिक ने कहा कि भर्ती के माध्यम से सभी को एकत्र किया गया। जिस प्रकार खेलों में हम सभी ने अभी तक प्रदर्शन किया। कोशिश रहेगी कि विभिन्न खेलों के खिलाड़ी आने वाले समय में भी उसी प्रकार प्रदर्शन कर पदक लाकर यूपी का गौरव बढ़ाते रहें। यह सत्य है कि यूपी में निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ही युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।

## दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने नाबालिग से रेप मामले में केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के अधिकारी द्वारा 16 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।



केंद्रीय गृहमंत्री को लिखे पत्र में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने उनसे मामले में हस्तक्षेप करने और उन्हें पीड़िता या उसकी मां से मिलने की अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। साथ ही यह भी अनुरोध किया है कि बेहतर इलाज और देखभाल के लिए पीड़िता को तत्काल एम्स में स्थानांतरित किया जाए।उन्होंने आरोपित अधिकारी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने में दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित देरी की जांच कराने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने को भी कहा है। इसके अलावा अध्यक्ष ने चर्चा के लिए मिलने का समय भी मांगा है।

## भाजपा दिल्ली सरकार पर हमलावर, कैलाश गहलोत के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला बोला है।

भाजपा की महिला नेता बांसुरी स्वराज ने इस मामले में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से इस्तीफे की मांग की थी। इसके बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल सिर्फ ड्रामा करती हैं। सबको पता है कि उस व्यक्ति को किसने ओएसडी बनाया था। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री कैलाश गहलोत



को इस्तीफा दे देना चाहिए।

सचदेवा ने कहा कि कल जिस अधिकारी को सस्पेंड किया गया है, उस अधिकारी को विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने नियुक्त किया था, लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक कैलाश गहलोत की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने एक ऐसे अधिकारी को चुना, जिसका चरित्र सभी के सामने है। स्वाति मालीवाल धरने पर बैठ गई हैं, यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा इस पूरे मामले का विरोध करती है।

आरोपित व्यक्ति को फांसी की सजा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कैलाश गहलोत इस पूरे मामले पर क्यों स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं कि उन्होंने क्यों इस अधिकारी को चुना था। वहीं दूसरी तरफ स्वाति मालीवाल धरने पर बैठी हैं, जो दिल्ली पुलिस पर आरोप लगा रही है कि गिरफ्तारी देरी से हुई है। अगर उन्हें इतना ही धरना देने का शौक है, तो उन्हें मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर या मंत्री कैलाश गहलोत के घर के बाहर धरना देना चाहिए।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी रहने की संभावना



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के लोग बुधवार को मध्यम बारिश के साथ जागे जिससे उमस भरे वातावरण से लोगों को काफी राहत मिली। हल्की से मध्यम बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जल जमाव हो गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, पूरे दिन हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की उम्मीद है। क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने कहा कि हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी और 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। हालांकि पुलिस ने ट्रेफिक के लिए कोई सलाह जारी नहीं की। ट्रेफिक पुलिस ने कहा कि कारकेड रिहर्सल और स्पेशल ट्रेफिक व्यवस्था के कारण सुबह 11 बजे तक सलीमगढ़ बाईपास, महात्मा गांधी मार्ग, भैरों मार्ग, मथुरा रोड, सी-हेक्सागन, सरदार पटेल मार्ग और गुड़गांव रोड पर ट्रेफिक लगने की संभावना है।

## दिल्ली में पांच मोहल्ला क्लीनिक का हुआ उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के केशवपुर सब्जी मंडी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा भी की कि आने वाले दिनों में मोहल्ला




क्लीनिक की संख्या बढ़ने वाली है। दिल्ली में कुल पांच मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया गया, जिसमें एक महिला मोहल्ला क्लीनिक भी शामिल है। उद्घाटन में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, स्थानीय आप विधायक जरनैल सिंह के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान केजरीवाल ने कहा कि अब तक दिल्ली में कुल 533 मोहल्ला क्लीनिक खुल चुके हैं और उनकी कोशिश है कि दिल्ली के हर नागरिक को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक विश्वभर में लोगों को भा रहे हैं। इसके चलते लोग विदेशों से भी इसे देखने के लिए आ रहे हैं।

इस मौके पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार के कार्यों को रोकने का हर संभव प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार विकास कार्यों को रुकने नहीं देगी।

## सीमा हैदर ने पीएम-सीएम समेत कई हस्तियों को भेजी राखी

**ग्रेटर नोएडा।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने रक्षाबंधन के पावन पर्व को मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई बड़ी हस्तियों को राखी भेजी है। इनमें संघ प्रमुख मोहन भागवत और राजनाथ सिंह भी शामिल हैं। सीमा हैदर ने एक वीडियो बनाया है और सबको रक्षाबंधन की बधाई देते हुए राखी पोस्ट करने का पोस्ट ऑफिस का स्लिप भी मीडिया के साथ साझा की है। सीमा ने अपने वीडियो में कहा है कि 'भाई नरेंद्र मोदी, सीएम योगी, डॉ. मोहन भागवत, राजनाथ सिंह, मेरे प्यारे भाई वकील एपी सिंह के लिए हमने राखी पोस्ट की है। पहले इसलिए भेजा है, ताकि रक्षा बंधन के दिन हमारे भाइयों को राखी मिल जाए, जिनके कंधों पर ये देश है। मैं बहुत खुश हूं, जय श्री राम, जय हिंदुस्तान, जय हिंद।'

सीमा का कहना है कि भारत ही अब मेरा देश है। जिन्होंने देश की जिम्मेदारी उठाई, उन्हें राखी भेज रही हूं।

इससे पहले सीमा हैदर ने हरियाली तीज की पूजा की थी। उसने एक वीडियो संदेश जारी कर सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी थी।

## दिल्ली सरकार ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी मुहैया कराने की फाइल एलजी आफिस भेजी

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार दिल्ली के गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पिछले महीने केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट की हुई बैठक में मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया गया था। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के 68,747 एनएफएस कार्ड धारकों समेत 2,80,290 लाभार्थियों को मुफ्त चीनी मिल सकेगी। इस पहल का उद्देश्य गरीब परिवारों के सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करना और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब यह फाइल एलजी के पास भेजी गई है।

20 जुलाई, 2023 को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट की बैठक हुई थी। इस बैठक में दिल्ली के गरीब परिवारों को मुफ्त चीनी देने का एक प्रस्ताव लाया गया था। यह प्रस्ताव अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) श्रेणी के कार्ड धारकों के लिए चीनी सब्सिडी योजना के तहत लाया गया था। कैबिनेट ने मौजूदा आर्थिक हालात और बढ़ती महंगाई



से गरीब परिवारों के सामने उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी। सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे अपनी मंजूरी दे दी। इस पहल के जरिए दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि किसी को भी खाद्य असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सभी एनएफएसए लाभार्थियों को मिलने वाले गेहूं, चावल के अलावा दिल्ली सरकार ने मुफ्त चीनी देने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थियों को चीनी सब्सिडी योजना के तहत मुफ्त चीनी उपलब्ध कराएगी। एएवाई कार्ड धारकों को चीनी का वितरण जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष की अवधि के लिए निःशुल्क किया गया है। दिल्ली सरकार के इस निर्णय से 68,747 राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्ड धारकों सहित करीब 2,80,290 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। इस पहल के कार्यान्वयन के लिए लगभग 1.11 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट की आवश्यकता होगी।

## चंद्रयान-3 भारत के लिए व्यापक वैश्विक तालमेल को आकर्षित कर रहा है: डॉ. सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन भारत के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहयोग आकर्षित कर रहा है।

डॉ. सिंह ने सूचना प्रौद्योगिकी, संचार और नवाचार (एमआईटीसीआई) मंत्री दर्शनानंद दीपक बालगोबिन के नेतृत्व में आए मॉरीशस के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल ने भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए यहां उनसे (डॉ. सिंह)मुलाकात की। भारत और मॉरीशस तीसरे पक्ष के मिशनों को सहायता प्रदान करने के लिए मॉरीशस में भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के ग्राउंड स्टेशन का उपयोग करने पर भी सहमत हुए हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करके भारत ने दुनिया के अन्य देशों के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में एक समान भागीदार के रूप में सहयोग करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

श्री बालगोबिन ने इससे पहले 17 अगस्त को बेंगलुरु में इसरो के केंद्र का दौरा किया था। इसरो ने मंत्री को प्रस्तावित भारत-



मॉरीशस संयुक्त उपग्रह के तकनीकी विवरण और अनुप्रयोग क्षमताएं प्रस्तुत कीं। दोनों मंत्री यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सहित तीसरे पक्ष के मिशनों को शामिल करने के लिए मॉरीशस में स्थापित इसरो के ग्राउंड स्टेशन का दायरा बढ़ाने पर सहमत हुए और इस तरह के सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन में संशोधन पर हस्ताक्षर करने की योजना है। मॉरीशस ने तीन दशकों से अधिक समय से उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों पर नज़र रखने के लिए इसरो के ग्राउंड स्टेशन की मेजबानी की है और वर्तमान में यह ग्राउंड स्टेशन मॉरीशस में संचालित दो एंटेना (11 मीटर व्यास के) के साथ लगातार संचालित होता है।

डॉ. सिंह ने कहा कि भारत ने 1999 में रिमोट सेंसिंग सेंटर की स्थापना करके और मॉरीशस क्षेत्र से संबंधित उपग्रह डेटा प्रदान करके मॉरीशस का समर्थन किया है तथा मॉरीशस के अधिकारियों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों पर भारतीय संस्थानों द्वारा पेश किए गए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से लाभ हुआ है। डॉ. सिंह और श्री बालगोबिन ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रह डेटा साझा करना, मॉरीशस से संबंधित उपग्रह डेटा, भू-स्थानिक परतों और मूल्य वर्धित सेवाओं के साथ एक भारत-मॉरीशस अंतरिक्ष पोर्टल विकसित करना, अंतरिक्ष उद्योग स्तर पर सहयोग के लिए चर्चा शुरू करना जैसे अंतरिक्ष सहयोग के मुद्दे पर चर्चा की।

## भारतीय करेंसी में गिरावट चिंतनीय : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि देशवासियों के लिए यह बहुत चिंता की बात है कि भारतीय करेंसी की कीमत और गिर गई है और आज एक डॉलर 83.13 रुपए का हो गया है।

आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी का मानना है कि भारत का मुकाबला और बराबरी विकसित देशों से होनी चाहिए। आज एक अमेरिकी डॉलर की कीमत चीन के 7.02 यूआन के बराबर है जबकि एक एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 83.13 भारतीय रुपए के बराबर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे खराब आंकड़ा है। यह सिर्फ उन लोगों के लिए चिंता का विषय नहीं है, जो अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहते हैं, बल्कि यह देश के हर नागरिक से जुड़ा मसला है। इससे देश की प्रतिष्ठा कम होती है।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि आज सच्चाई यह है कि भारत, रूस से सबसे ज्यादा क्रूड ऑयल और हथियार खरीदता है और इसकी कीमत भारतीय रुपए में करने के बजाय दिरहम या युआन में दे रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारतीय करेंसी की कीमत इतनी



गिर चुकी है कि इसकी मांग बहुत कम है। भारतीय करेंसी के गिरने की वजह ये है कि हम लगातार विदेशों से आयात तो कर रहे हैं, लेकिन दूसरे देशों को निर्यात नहीं कर रहे हैं। इसका यह मतलब है कि भारत के पास ऐसा कोई सामान मैन्युफैक्चर नहीं हो रहा है, जिसकी विदेश में मांग हो।

आप की प्रवक्ता ने कहा कि मेक इन इंडिया का कैंपेन मात्र हेडलाइन मैनेजमेंट के तहत चलाया गया था। मेक इन इंडिया के तहत भारत में कोई भी मैन्युफैक्चरिंग हब नहीं बना। ऐसे में भारतीय रुपए की कीमत कैसे बढ़ेगी और भारत में निवेशक कैसे आएंगे? यह तभी संभव होगा, जब भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा और अपना सामान विदेशों में बेच पाएगा। यह तब हो पाएगा, जब व्यापारियों को लाइसेंस राज से मुक्ति मिलेगी और वो भारत में सामान बना पाएंगे। इसलिए व्यापारियों के लिए इज ए डूइंग बिजनेस सिर्फ एक नारा नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में कम पढ़ी-लिखी सरकार है, जो लोगों के प्रति संवेदनहीन है और गिरते रुपए की कीमत पर ये कह कर निकल जाती है कि डॉलर बढ़ रहा है, रुपया नहीं गिर रहा है, तब तक देशवासियों को महंगाई की मार झेलनी पडेगी।

## गाजियाबाद में यातायात नियमों तोड़ने वालों के खिलाफ विशेष अभियान, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर अब तक 27,828 चालान

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने इन दिनों यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चला रखा है जिसमें नो एंट्री में जाने वाले, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले, हेलमेट न लगने वाले के खिलाफ चालान काटे जा रहे हैं।

अब तक मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर 27,828 चालान काटे जा चुके हैं। बीते कई दिनों में कई ऐसे हादसे से हुए हैं, जिसमें रॉन्ग साइड वाहन चलने वाले लोगों के कारण कई लोगो ने अपनी जिंदगी खोई है। खासकर फ्लाईओवर और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर मनाही के बाद भी लोग नियमों का पालन नहीं करते



हैं। लोग यातायात नियमों का पालन न करके अपनी ही नहीं, दूसरों की जान भी जोखिम में डालते हैं।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के यातायात विभाग ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह विशेष अभियान चलाया है। मंगलवार 22 अगस्त को काफी ज्यादा चालान काटे गए हैं। इस कड़ी में गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 1,765 वाहनों का चालान काटा गया। दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनने पर 1,653 लोगो के चालान किए गए हैं। चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर 89 लोगों के चालान काटे गए हैं। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और नंबर प्लेट पर अंकों को गलत तरीके से लिखने के लिए 415 लोगो के चालान काटे गए हैं। एक जुगाड़ वाहन को भी सीज किया गया है। अब तक कुल 676 जुगाड़ वहां सीज किया जा चुके हैं।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेयरल पर मोटरसाइकिल ले जाना पूरी तरीके से प्रतिबंधित है और कई ऐसे कट हैं जहां पर लोग नो एंट्री होने के बावजूद इस एक्सप्रेसवे पर चढ़ने की कोशिश करते हैं जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। ऐसे 139 वाहनों का चालान 22 अगस्त को किया गया है। मेरठ एक्सप्रेस वे पर किए गए अब तक चालान की संख्या 27,828 हो चुकी है।

## दिल्ली में 50 वर्षीय पड़ोसी ने 7 साल की बच्ची का किया यौन उत्पीड़न

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली में सात साल की एक लड़की के साथ उसके 50 वर्षीय पड़ोसी ने यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने विवरण साझा करते हुए कहा कि दोपहर 2:20 बजे। लोधी कॉलोनी पुलिस स्टेशन को एक लड़की के यौन उत्पीड़न की सूचना मिली। पीसीआर कॉल पर अमल करते हुए पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया।

अधिकारी ने कहा, कॉल पीड़िता की मां ने किया था। 50 वर्षीय आरोपी फोन करने वाली का पड़ोसी था। अधिकारी ने कहा, दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के एक काउंसलर को बुलाया गया, जिन्होंने बच्ची



और उसकी मां से बातचीत की और दोनों ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी ने 20 अगस्त को बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने कहा, शिकायत के आधार पर पकड़े गए आरोपी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भारतीय संविधान को जम्मू कश्मीर में लागू होने पर रोक लगाने का कोई प्रावधान नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि उसका मानना ??है कि भारतीय संविधान जम्मू कश्मीर पर लागू होता है तथा भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो वहां इसके लागू होने पर रोक लगाता हो।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की संविधान पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के संविधान के अनुच्छेद 5 से पता चलता है कि भारतीय संविधान उन मामलों को छोड़कर सभी मामलों में जम्मू कश्मीर पर लागू होगा, जिनके प्रावधानों के तहत भारत का संविधान संसद को राज्य के लिए कानून बनाने की शक्ति प्रदान करता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सवाल उठा रहे एक वकील से जानना चाहा कि अगर जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान 1957 की तरह लागू रहेगा तो इसका वास्तविक परिणाम क्या होगा।

पीठ ने आगे पूछा, 'इसे कैसे स्वीकार किया जा सकता है कि भारतीय संवैधानिक कानून में कोई भी आगे का बदलाव जम्मू कश्मीर पर लागू नहीं हो सकता है।'

वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शंकर झा का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश द्विवेदी ने कहा कि संप्रभुता में दो भाग शामिल हैं - केवल इसलिए कि राज्य ने



बाहरी संप्रभुता को सौंप दिया था, यह आंतरिक संप्रभुता को छोड़ने के बराबर नहीं है। उन्होंने कहा कि 1957 में जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू होने के बाद अनुच्छेद 370 समाप्त हो जाता है। श्री द्विवेदी ने कहा कि कश्मीर भारत के प्रभुत्व में शामिल होने के मामले में अलग था। इसे एक अलग समय पर एक स्वतंत्र राज्य या राष्ट्र के रूप में सौंप दिया गया था और यह इस अर्थ में भी अलग था कि अन्य राज्यों के विपरीत इसका भारत में विलय नहीं हुआ। संविधान पीठ ने श्री द्विवेदी से पूछा कि जम्मू-कश्मीर संविधान में ऐसा कौन सा प्रावधान है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 245 के बराबर है? श्री द्विवेदी ने अपने जवाब में जम्मू-कश्मीर संविधान के अनुच्छेद 3, 4 और 5 का हवाला दिया। इस पर पीठ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के संविधान का अनुच्छेद 5 कहता है कि राज्य की कार्यकारी और विधायी शक्ति उन मामलों को छोड़कर सभी मामलों के दायरे में है, जिनके संबंध में संसद के पास अधिकार है। पीठ ने कहा कि उसका मानना ??है कि भारतीय संविधान जम्मू-कश्मीर पर लागू होता है। जम्मू-कश्मीर के अनुच्छेद 5 का हवाला देते हुए पीठ ने आगे कहा( अनुच्छेद 370 के लिए) संसद के पास सूची 1 और सूची 3 के सभी पहलुओं के संबंध में कानून बनाने की शक्ति होगी, 'यदि अनुच्छेद 370 समाप्त हो जाता है तो संसद की शक्ति की सीमा कहां है?'

पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने यह भी कहा कि भारतीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में इसके लागू होने पर रोक लगाता हो।

# किसान सभा की कमेटी ने रोजा याकूबपुर की आबादी की सुनवाई करवाई





**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर** । आज किसान सभा के दिन रात के धरने का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर 99 वां दिन रहा। धरने की अध्यक्षता बाबा नेतराम ने की धरने का संचालन सतीश यादव ने किया धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि किसान सभा के नेतृत्व में किसानों के आंदोलन के परिणाम में आबादी प्रकरणों की सुनवाईयां चल रही हैं जिसमें किसान सभा की कमेटी ने आज रोजा याकूबपुर के 50 प्रकरणों में सुनवाईयां करवाई। किसान सभा की ओर से गवरी मुखिया, राजीव नागर, महाराज सिंह प्रधान,निशांत रावल, डॉक्टर रुपेश वर्मा शामिल रहे।

आबादियों की सुनवाई आबादी निस्तारण कमेटी के अध्यक्ष एसीईओ आनंद वर्धन ने की। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि 24 अगस्त को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया किसान सभा के देश भर के डेलिगेट्स का सम्मेलन है, जिसमें जमीनों के अधिग्रहण सहित किसानी के अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी किसान सभा गौतम बुद्ध नगर की किसान सभा की इकाई से 50 सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे धरना स्थल से 24 तारीख को 8:00 बजे 50 प्रतिनिधियों को लेकर बस रवाना होगी जिसमें आधी संख्या महिलाओं की रहेगी किसान सभा की जिला स्तरीय महिला कमेटी की सदस्य तिलक देवी, गीता भाटी, जोगेंदरी पूनम भाटी ने गांव थापखेड़ा में जाकर महिलाओं की बैठक की और महिलाओं की कमेटी का निर्माण किया। तिलक देवी ने थापखेड़ा में उपस्थित महिलाओं से अपने हकों के लिए घर से निकलने और किसान आंदोलन में हिस्सा लेने की अपील की महिलाओं की मीटिंग की आयोजक पूनम भाटी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की ताकत की वजह से और उनके धरने में बड़ी हिस्सेदारी के कारण किसानों के सभी काम आगे बढ़ रहे हैं हमें और संगठित होकर आंदोलन का हिस्सा बनना पड़ेगा आज धरने को सूबेदार ब्रह्मपाल, हरेंद्र, संजय नागर, गवरी मुखिया, सुरेश यादव, प्रवीण त्यागी, डॉक्टर जयचंद शर्मा, राजीव नागर, अजी पाल भाटी किसानों के समर्थन में सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, जनवादी महिला समिति की नेता आशा शर्मा, रेखा चौहान, चंदा बेगम, गुड़िया देवी ने संबोधित किया धरने पर सैकड़ो किसान उपस्थित रहे। भवदीय, डॉक्टर रुपेश वर्मा, प्रवक्ता अखिल भारतीय किसान सभा, गौतम बुध नगर।

## संक्षिप्त डायरी

## भारत अंतरिक्ष सप्ताह पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** शासन के पत्र संख्या 2259/ सत्तर-3-2023 के अनुपालन में कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 12/8/23 से 18/8/23 अगस्त तक भारत अंतरिक्ष सप्ताह का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति के तत्वावधान में किया गया।

भारत अंतरिक्ष सप्ताह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रतिवर्ष 12 से 18 अगस्त को महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉक्टर विक्रम साराभाई के जन्मदिन के अवसर पर उनके उत्कृष्ट योगदान को अविस्मरणीय बनाने एवं जन सामान्य व छात्रों को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में हुए शोध के प्रति जागरूक करने हेतु मनाया जाता है।

इस उद्देश्य को केंद्र में रखकर महाविद्यालय में अंतरिक्ष विषय पर सामान्य परिचर्चा के अतिरिक्त निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता

विषय : मिशन चंद्रयान 3

निबंध प्रतियोगिता

विषय : भारतीय अंतरिक्ष शिक्षा प्रणाली

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने वृहद अंतरिक्ष को कलात्मकता एवं काल्पनिकता का समावेश कर कागज पर उकेरा। छात्राओं का यह प्रयास सराहनीय रहा ।

निम्न छात्राओं को विजेता घोषित किया गया-

प्रथम स्थान

ट्विंकल -श्री जयवीर- बी ए द्वितीय सेमेस्टर

द्वितीय स्थान

मीनाक्षी नागर -श्री मनोज कुमार- बी ए चतुर्थ सेमेस्टर

तृतीय स्थान

उषा कुमारी -श्री नरेश कुमार -बीए द्वितीय सेमेस्टर

निबंध प्रतियोगिता 'भारतीय अंतरिक्ष शिक्षा प्रणाली' विषय पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । छात्राओं ने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा अज्ञात अंतरिक्ष को खोजने,मंगल मिशन, चंद्रयान मिशन द्वारा अंतरिक्ष के रहस्य एवं जीवन की संभावनाओं का पता लगाने आदि के बारे में अपने निबंधों में वर्णन किया । छात्राओं द्वारा अपने निबंधों में वैज्ञानिकों के अंतरिक्ष के क्षेत्र में योगदान से प्रोत्साहित एवं प्रभावित होने की बात लिखना इस आयोजन की सफलता को प्रमाणित करता है। विजेताओं के नाम हैं-

प्रथम स्थान

मानसी सिंह - श्री संजय कुमार - बी.एड. प्रथम वर्ष

द्वितीय स्थान

कुमारी हर्षिता सिंह- श्री राजबिंद सिंह - बी.एड. प्रथम वर्ष

तृतीय स्थान

कुमारी पिंकी भाटी- श्री नरेन्द्र भाटी - बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर

भारत अंतरिक्ष सप्ताह का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ. )दिव्या नाथ जी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत समिति प्रभारी डॉ. निशा यादव ने किया । डॉ. विजेता गौतम, डॉ. शालिनी तिवारी एवं डॉ. संजीव कुमार ने सफलता पूर्वक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। संपूर्ण आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा ।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूनार्मेंट में सनराइज सुपर 18 बैडमिंटन ट्रेनिंग प्रोग्राम के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सब जूनियर 2ल्ला यूपी स्टेट टूनार्मेंट नोएडा में मंगलवार को शहर के शटलरों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें सनराइज स्पोर्टस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित पोषित एवं एसआरएफ फाउण्डेशन द्वारा संचालित सनराइज सुपर 18 बैडमिंटन ट्रेनिंग प्रोग्राम के खिलाड़ियों प्रखर तिवारी, अर्नव यादव, श्रुति चौहान, दिव्यांशी गौतम, आदित्य यादव, इश्मीत सिंह, ने मिलकर 9 गोल्ड 3 सिल्वर मेडल जीते। एसआरएफ फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी अमित नागर ने बताया की ये सभी खिलाड़ी एक ही एकेडमी सेक्टर 104 सनराइज शटलर में ट्रेनिंग करते हैं। और सभी खिलाड़ी लगातार स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने ट्राफी जीत।

# ग्रेटर नोएडा में शानदार होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो: रवि कुमार एनजी



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में प्रथम इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन को लेकर तीनों प्राधिकरणों और जिला प्रशासन ने कमर कसनी शुरू कर दी है। हालांकि सत्तर हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में लगने वाले इस ट्रेड शो में तीस हजार वर्ग मीटर स्थान बेचना अभी भी चुनौती बना हुआ है।औद्योगिक माहौल बनाने और निवेशकों को आकर्षित करने के साथ साथ अपनी औद्योगिक परफॉर्मेंस प्रदर्शित करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की पहल पर ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो में अभी तक पांच सौ से अधिक विदेशी उद्योगपतियों ने अपने उत्पादों के प्रदर्शन के लिए स्थान बुक करा लिया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे और यूपीसीडा भी इस ट्रेड शो को सफल बनाने में जुटे हैं।आज मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी की अध्यक्षता में तीनों प्राधिकरणों, जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों व एनपीसीएल के अधिकारियों ने एक मैराथन बैठक कर ट्रेड शो के आयोजन को लेकर गहन मंथन किया।21 से 25 सितंबर के बीच पांच दिन चलने वाले इस ट्रेड शो का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा सकता है। स्वयं मुख्यमंत्री इस पर निगाह रखे हुए हैं। ट्रेड शो से संबंधित सूत्रों के अनुसार यह इंडिया एक्सपो मार्ट के सत्तर हजार वर्ग मीटर क्षेत्र और कुल 15 हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण क्षेत्र पूरी तरह ट्रेड शो के रंग में रंगा नजर आएगा। इंडिया एक्सपो मार्ट के सूत्रों के अनुसार ट्रेड शो में प्रतिदिन अस्सी हजार से एक लाख लोगों के आने की संभावना है। स्थानीय, अन्य राज्यों और विदेशों से आने वाले उद्यमियों तथा विजिटर्स के रहने खाने और सुरक्षा की व्यवस्था को लेकर भी योजना बनाई जा रही है।

## सेंट हुड कॉन्वेंट के बच्चो ने सीखा लोकतंत्र का पहला सबक



**संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर** । विद्यानगर दादरी स्थित सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षक के चयन के लिए मतदान करके प्रिय शिक्षक को चुनने का अवसर प्रदान हुआ। स्कूल में अपने प्रिय शिक्षक का चुनाव करने के लिए विद्यार्थियों ने पहली बार वोट डाला। लंबी लाइन के बावजूद मतदान कर रहे छात्र उत्साह से लबरेज दिखे। अंगुली पर स्याही और चेहरे पर लोकतांत्रिक प्रकिया का पहला सबक सिखाने का जोश था। अमर उजाला की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के तहत अपने प्रिया शिक्षक को चुनने के लिए मतदान करते समय ज्यादातर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर यह भाव दिखा।सेंट हुड मे चार अध्यापकों के बीच प्रिय शिक्षक का चुनाव हुआ।विद्यालय की प्रधानाचार्या डाक्टर आशा शर्मा जी ने कहा की उन्होंने तरह की पहल कभी नहीं देखी उन्होंने कहा कि इससे बच्चें ना केवल लोकतंत्र के बारे में जागरूक होंगे बाल्की उनके और शिक्षकों के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत होगा। मातदन करने वाले सभी बच्चों की अंगुली पर शाही का निशान लगाया गया। छात्र छात्राएं इस निशान को एक दूसरे को दिखाते हुए रोमांचित दिखे।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**संवाददाता**

**बागपत।** बागपत शहर की स्वर्णकार धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन प्रसिद्ध कथा व्यास ओम 108 श्री मद् भक्ति वेदान्त श्री श्रीधर गोस्वामी महाराज ने भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की मनमोहक, ज्ञानवर्धक, शिक्षाप्रद व मंगलकारी कथा सुनायी। इस अवसर पर भगवान श्री के वामन अवतार और वासुदेव द्वारा कृष्ण को टोकरी में बैठाकर नदी पार कराने की भव्य झांकी निकाली गयी। कथा के अन्त में भगवान के भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कथा में टॉफी, बिस्कुट, खिलौने, फलों आदि विभिन्न प्रकार के सामानों की वर्षा की गयी। प्रसाद वितरित किया गया और अन्त में सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। समाज सेवी प्रकाश चौधरी ने बताया कि महाराज श्री के मुखारविन्द से श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अलग ही आनन्द है। बताया कि भयंकर गर्मी के बाबजूद श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए लोगों की संख्या इतनी अधिक है कि कथा स्थल छोटा पड़ गया है। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। समाज सेवी ललित माधव दास गोपाल ने बताया कि प्रतिदिन सांय 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है। 18 अगस्त से कथा स्थल पर ही कथा के उपरान्त भंडारे की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है और कथा के समापन दिवस तक यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। सभी श्रद्धालु बिना किसी चिंता के कथा में आये कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बने। समाज सेवी अमित चंदौरिया सहित समस्त आयोजनकताओं ने कथा में आने वाले व सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेशनल अवार्डी, गोल्ड़ मेड़लिस्ट व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, विवेक गोयल, ललित शर्मा, अर्पित अग्रवाल, नरेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, गोपाल वर्मा, अमित शर्मा, श्री चौहान, अजय चौहान, विशाल गुप्ता, मोनू वर्मा, कृष्णपाल, रमेश वर्मा, राहुल कुमार, छोटू गौरव, मन्नू शर्मा, आकाश, दीपक सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने बबीता नागर का मेडल पहनाकर किया स्वागत



**संवाददाता**

**गौतमबुद्ध नगर** । डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बबीता नागर का मेडल पहनाकर किया स्वागत। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कनाडा में 28 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित हुए वर्ल्ड पुलिस गेम्स में ग्राम सादुल्लापुर की बबीता नागर का स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर मेडल पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। उप क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि बबीता नगर ने वर्ल्ड पुलिस गेम में दूसरी बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

## राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, बादलपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**संवाददाता**

**दादरी।** श्री गांधी इंटर कालेज प्रधानाचार्य सुनील नागर (बाबा) ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय ,केन्द्रीय संचार ब्यूरो अलीगढ द्वारा राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, बादलपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश, मिट्टी को नमन वीरो को वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे निबन्ध, रंगोली, महेंदी व पेंटिंग का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कालिज ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके की। सर्वप्रथम प्रतिभागी विधार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की गयी, तत्पश्चात अनेक कालिज के प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे उपस्थित अमित चौधरी अध्यक्ष जिला पंचायत गौतमबुद्ध नगर, ओमपाल प्रधान ब्लॉक प्रमुख पति बिसरख व वरिष्ठ नेता भाजपा महेन्द्र प्रधान जी रहें ,सभी ने अपना संबोधन दिया व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निबन्ध प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री गांधी इण्टर कालिज दुजाना के विधार्थियों ने भी प्रवीण नागर, विधाधर पाण्डेय व आरती शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभाग किया जिसमें हिमांशु नागर ,दिपांशु नागर व इन्द्रसेन ने निबन्ध लेखन में स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे जलवा बिखरते हुए वंश व मिलन ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। प्रस्तुति से प्रसन्न विशेष चौधरी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बच्चों को शिल्ड देकर सम्मानित किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को भी नीरज भट्ट आई.आई.एस द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर नीरज भट्ट ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# नौजवानों ने जुलूस निकालकर प्राधिकरण का किया घेराव

### किसानों के धरने के 98वें दिन पहुंचे नौजवान ,रोजगार की मांग की






**संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा। प्राधिकरण पर नौजवानों ने जमकर हल्ला बोला। सैकड़ों की तादाद में इकट्ठा होकर इन लोगों ने प्राधिकरण पर जमकर नारेबाजी की। प्राधिकरण के अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पिछले 98 दिनों से किसान धरना दे रहे हैं। नौजवानों पहले जैतपुर गोल चक्कर पर इकट्ठा हुए। उसके बाद रोजगार की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए जैतपुर गोल चक्कर से विप्रो गोल चक्कर होते हुए प्राधिकरण तक जुलूस निकाला। प्राधिकरण के दफ्तर का घेराव कर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। सभी लोग इकट्ठा होकर धरने पर पहुंचे। प्रशांत भाटी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार का सवाल सबसे महत्वपूर्ण सवाल है। आज हमने जिलाधिकारी के माध्यम से रोजगार पर प्राधिकरण स्तर पर अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए नीति बनाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसी तरह प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को संबोधित रोजगार की नीति को बनाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। धरना स्थल पर ओएसडी रजनीकांत ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम ज्ञापन लिया और एसडीएम सदर ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लिया। दोनों अधिकारियों ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तक आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने का आश्वासन दिया। नौजवानों के रोजगार के मुद्दे पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं भी शामिल रही। धरने को जनवादी नौजवान सभा के राष्ट्रीय सचिव एच भट्टाचार्य, दिल्ली एनसीआर के सचिव अमन सैनी ने संबोधित किया। डॉक्टर रुपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का धरना नौजवानों द्वारा नौजवानों के लिए रोजगार की मांग पर आयोजित किया गया है। धरने के माध्यम से 3 सितंबर 2010 के शासनादेश को लागू करने की मांग की जा रही है ,साथ ही नये अधिग्रहण कानून में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित प्रत्येक बालिक सदस्य के रोजगार के प्रावधान को लागू करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी चारों मांगो 10% आबादी, प्लाट, रोजगार, भूमिहीनों का प्लाट और नए कानून को लागू करने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं तथा चारों समस्याएं हल नहीं होगी धरना समाप्त नहीं होगा।



# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को 25 साल कैद



**हिसार।** एडीजे राजेश कुमार महता की अदालत ने दुष्कर्मी पिता को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।आरोप है कि दुष्कर्म के बाद नाबालिग बेटी गर्भवती हो गई तो दोषी ने उसे गर्भपात की दवा खिलाई थी। अदालत ने उसे 19 अगस्त को दोषी करार दिया था, जिसे मंगलवार को सजा सुनाई गई है। इस संबंध में सदर में दी शिकायत में पीड़िता ने पुलिस को कहा था कि वह 11वीं कक्षा में पढ़ती है। उसका पिता शराब पीकर मारपीट करता है। मां को पीटकर घर से निकाल देता था। इस वजह से मां हमें छोड़कर अपने घर राजस्थान जाकर रहने लगी थी। 11 जून 2018 रात के समय खाना खाकर सो गए थे। पिता ने रात को शराब के नशे में उससे दुष्कर्म किया था। सुबह उसका पिता ऑटो रिक्शा लेकर चला गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार शाम को आकर उसके पिता ने कान पकड़कर माफी मांगी। आरोपी पिता ने कहा कि किसी को कुछ नहीं बताना। एक दिन उसके पेट में दर्द हुआ था। तब पिता ने प्रेग्नेंसी किट लाकर जांच की तो गर्भवती मिली थी। इसके बाद जबरदस्ती गर्भपात की दवा खिलाई थी। नाबालिग पीड़िता ने बताया कि फरवरी 2019 में मां लौटकर आ गई थी। चार नवंबर 2019 को पिता ने फिर से मां को पीटकर घर से निकाल दिया था। जब मां ने मामा के घर चलने के लिए कहा तो मैने उन्हें रोक लिया और पिता की करतूत को याद करके रोने लगी थी। मां के पूछने पर आपबीती सुनाई थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन में जाकर पिता के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया था। बेटी से दुष्कर्म के इस मामले की सुनवाई अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश राजेश मेहता की अदालत में हुई। अदालत ने सबूत व गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी पिता को 25 साल की सजा सुनाई है।

# वार्ड 20 में 1 करोड़ 20 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य, महापौर रेनू बाला गुप्ता ने किया शुभारम्भ

**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को शहर के वार्ड 20 के नागरिकों को करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यो की सौगात दी। इनमें गांव उचाना में भगवान विश्वकर्मा चौपाल, भगवान गौरखनाथ भवन, पौंड का सौंदर्यकरण व रिवेन्यू रास्ते का निर्माण तथा गांधी नगर की गली नम्बर-1 को पक्का करने के कार्य शामिल हैं। शुभारंभ अवसर पर वार्ड पार्षद मोनू, एक्सईएन प्रियंका सैनी तथा जेई रवि कुमार मौजूद रहे।

विकास कार्यो की जानकारी देते महापौर ने बताया कि गांव उचाना में भगवान विश्वकर्मा चौपाल बनाई जाएगी। इसमें 55 गुणा 35 फुट के आयताकार आकार में एक हाल का निर्माण किया जाएगा। इस पर अनुमानित 24 लाख 34 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और यह कार्य आगामी 4 माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उचाना में ही भगवान गौरखनाथ भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में भी 55 गुणा 35 फुट का एक बड़ा हाल बनाया जाएगा। इस पर अनुमानित 24 लाख 76 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस कार्य को अगले 4 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त भवनो के निर्माण के लिए पार्षद व समाज की ओर से प्रार्थना की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए निगम इंजीनियरों को इनके एस्टीमेट बनाकर आगामी कार्रवाई करने के



निर्देश दिए गए थे। अन्य कार्यो की जानकारी देते मेयर ने बताया कि उचाना गांव में स्थित पौंड का सौंदर्यकरण किया जाएगा, जिस पर अनुमानित 48 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि इसमें पौंड को चारों ओर ईंटों से पक्का किया जाएगा। घूमने व सैर-सपाटे के लिए फुटपाथ बनाया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से पौंड की तारबंदी भी की जाएगी तथा पौधारोपण भी किया जाएगा। यह कार्य 3 माह में पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इसी गांव के ही एक डेरे की ओर जाने वाले रिवेन्यू रास्ते पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाई जाएंगी। पहले यह रास्ता ईंटों का बना हुआ था, जो खराब हालत में था। करीब 750 फुट रास्ते के निर्माण पर 17 लाख 60 हजार रुपये की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। एक अतिरिक्त कार्य की जानकारी देते उन्होंने बताया कि गांधी नगर गली नम्बर 1 नजदीक सचिन करियाणा स्टोर वाली गली को इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह गली पिछले कुछ समय से खराब हालत में थी, जिससे यहां के नागरिकों को दिक्कत हो रही थी। अब इस समस्या का हल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 250 फुट लम्बी गली के निर्माण कार्य पर अनुमानित 6 लाख 75 हजार रुपये व्यय किए जाएंगे।

महापौर ने मौके पर मौजूद नागरिकों को विकास कार्य शुरू होने पर बधाई दी और कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ करनाल शहर का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकाय कार्यो के लिए बजट की कोई कमी नहीं है, कार्य प्रगति पर चलते रहेंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद जेई को निर्देश दिए कि काम में गुणवत्ता बनाए रखें, रेगूलर साईट विजिट करें तथा निर्माण सामग्री के सैम्पल भरकर उनकी जांच भी करवाई जाए। उन्होंने कार्यो पर निगरानी बनाए रखने के लिए एक्सईएन को रेंडमली साईट विजिट करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सुमेर प्रधान, नरेश, सुरेश, राजू पांचाल, मनोज पांचाल, बृज मोहन मास्टर, हुकुम चंद, धूलिचंद, फकीर चंद, प्रेम चंद, कर्म सिंह, मनुक सिंह जोगी, फूल सिंह जोगी, शुभम प्रीत सिंह, सतनाम सिंह, मलकीत सिंह, गुरबाज सिंह, नाथी राणा व कश्मीर चंद के अतिरिक्त अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाएं उपस्थित रही। पार्षद व वार्ड वासियों की ओर से महापौर का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वार्ड पार्षद मोनू ने निर्माण कार्यो का शुभारंभ करने पर मेयर का धन्यवाद किया तथा वार्ड वासियों को बधाई दी।

# इग्नू ने दाखिलों की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई: डा धर्म पाल



**पानीपत।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने बताया की विभिन्न सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्य और मुख्य शिक्षक इग्नू के माध्यम से स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएसएलएम) और शैक्षिक प्रबंधन और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईएमए) कर सकते है

स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएसएलएम) में दाखिला लेने के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री के साथ भावी और सेवाकालीन स्कूल के प्रमुख शिक्षक / प्रधानाध्यापक होना जरूरी है इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानाध्यापकों/प्राचार्यों को प्रशिक्षित एवं सक्षम संवर्ग विकसित करना और प्रभावी स्कूल नेतृत्व प्रबंधन के लिए आवश्यक कौशल, दक्षताओं और मूल्यों को विकसित करना है इसी तरह शैक्षिक प्रबंधन और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीईएमए) विभिन्न शैक्षिक प्रणालियों और संगठनों में प्रशासनिक और प्रबंधन की स्थिति में प्रशिक्षित जनशक्ति की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कार्यक्रम विकसित किया गया है। कार्यक्रम को मौजूदा और उभरते शैक्षिक परिदृश्य में शैक्षिक प्रबंधन और प्रशासन के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं के व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षिक प्रबंधकों और नेताओं के रूप में व्यक्तिगत प्रदर्शन में सुधार करना और शैक्षिक संगठनों की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाना है इग्नू द्वारा दाखिलों की अंतिम तिथि 21 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है।

# बैंक उपभोक्ता को मदद के बहाने चुरा लिए 91 हजार




**झज्जर।** बहादुरगढ़ में पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित एक बैंक में उपभोक्ता को मदद करने के बहाने दो शातिरों ने 91 हजार की चपत लगा दी। शिकायत पर थाना शहर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। अभी उनका सुराग नहीं लगा है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रेम सिंह मलिक निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-9 ने बताया है कि 20 जुलाई को वह दिल्ली-रोहतक रोड़ पर स्थित एक बैंक में अपने रिश्तेदार के खाते में एक लाख रुपये जमा कराने के लिए गया था। बैंक कर्मी ने उसे पैसे जमा करने के लिए एटीएम मशीन (सीडीएम) में जमा करने के लिए कहा। इस पर वह मशीन में पैसे जमा कराने के लिए केबिन के अंदर गया। उसे मशीन में पैसे जमा कराने नहीं आए। इसके बाद दो-तीन अज्ञात व्यक्ति भी एटीएम मशीन में पहुंचे। उनमें से एक ने कहा कि मैं आपके रुपये जमा करवा देता हूं। उक्त अज्ञात व्यक्ति ने मेरे एक लाख रुपये मशीन में जमा किए जो एटीएम मशीन ने 9 हजार रुपये वापस निकाल दिए। जबकि 91 हजार रुपये मशीन के अंदर ही रह गए। उन्होंने उसे बताया कि आपके 91 हजार रुपये जमा हो गए हैं और ये 9 हजार रुपये बैंक में जमा कर देना। उक्त व्यक्ति ने उसे विश्वास दिलाया कि 91 हजार रुपये कुछ समय बाद अकाउंट में चले जाएंगे। इसके बाद मैं व अन्य व्यक्ति एटीएम मशीन से बाहर आ गए। कुछ दिनों बाद हमारे रिश्तेदार का फोन आया तो उन्होंने बताया कि अकाउंट में पैसे जमा नहीं हुए। उन्होंने तुरंत बैंक में जाकर जांच पड़ताल की। एटीएम केबिन के अंदर लगा सीसीटीवी चैक किया तो पता लगा कि उक्त लोगों ने उसके अकाउंट में पैसे कराए ही नहीं। सीसीटीवी से पता चला कि उनमें मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने एटीएम मशीन से 91 हजार रुपये चोरी किए हैं। पुलिस ने शिकायत कर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रदूषण निवारण और नियंत्रण के लिए जिला टास्क फोर्स ने असंध क्षेत्र में किया निरीक्षण

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने सोमवार देर सायं करनाल के असंध क्षेत्र में आने वाले विभिन्न होटलों, रेस्तरां और भोजनालयों का निरीक्षण किया और वायु एवं जल प्रदूषण फैलाने वाले प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इनमें सिंह रेस्टोरेंट, संगम होटल, मन्नत मैरिज पैलेस तथा दि फ्लेवर्स रेस्टोरेंट शामिल है।

एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि यह निरीक्षण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 व जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नीति के अनुसार पर्यावरणीय संरचना लागू करने के उद्देश्य से अभय दहिया बनाम माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों की अनुपालना में किया गया। उन्होंने बताया कि होटल, रेस्तरां, ढाबा और बैंक्केट हॉल से संबंधित प्रतिष्ठान चलाने के लिए यह आवश्यक है कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों की अनुपालना हो और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 व जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत कारोबार का संचालन हो। यह भी जरूरी है कि संबंधित कार्य करने वाले अपने प्रतिष्ठान से कूड़े का निस्तारण सही प्रकार से करें व नियमों के मुताबिक सीवरेज सिस्टम स्थापित करना सुनिश्चित करें।

एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि टास्क फोर्स में नगर निगम/नगर पालिका, अग्निशमन विभाग, नवीकरणीय ऊर्जा विभाग आदि शामिल हैं। इससे पहले भी जिला टास्क फोर्स हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाईडलाईस की अनुपालना ना करने वाले



होटलों, रेस्तरां, ढाबों और बैंक्केट हॉलों के खिलाफ निरीक्षण और कार्रवाई करती रही है। उन्होंने अपील की कि जिला करनाल के सभी रेस्तरां, ढाबों, होटलों और बैंक्केट हॉल संचालक पर्यावरण और प्रदूषण से संबंधित मानदंडों का पालन करें और पर्यावरणीय मुआवजे और शहरी स्थानीय निकाय के रूप में किसी भी कार्रवाई तथा वित्तीय दंड से बचने के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति लें।

# केएलपी कॉलेज रेवाड़ी में मिशन लाइफ प्रोग्राम के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट इकट्ठा किया गया




**रेवाड़ी।** केएलपी कॉलेज रेवाड़ी में मिशन लाइफ प्रोग्राम के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट इकट्ठा किया गया। इस गतिविधि में एनएसएस के स्वयंसेवको एवं अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रिंसिपल डॉक्टर कविता गुप्ता? ने मिशन लाइफ प्रोग्राम के अंतर्गत लाइफ फॉर एनवायरमेंट के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ में उनको यह भी बताया कि हमें प्लास्टिक का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए। बाजार से सामान खरीदते समय हम प्लास्टिक बैग के जगह हम जूट, कपड़े या पेपर से बने बैगों का इस्तेमाल कर सकते है। ठीक इसी तरह पार्टियो और उत्सवो के दौरान हम प्लास्टिक के बर्तन और अन्य सामानो का उपयोग के जगह हम स्टील, कागज या अन्य उत्पादो से वस्तुओ का उपयोग कर सकते है, जिनका आसानी से पुनरुपयोग और निस्तारण किया जा सके। प्लास्टिक हमारे वातावरण के लिए ठीक नहीं है? और यह भी आवश्यक है कि वातावरण को बचाने के लिए सभी संभव प्रयास करते रहे। प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने म्यूनिसिपल कमेटी को सौंपने के लिए पूरे कॉलेज कैंपस में से प्लास्टिक अपशिष्ट इकट्ठा करके एक जगह एकत्रित किया गया।

इस प्रकार की गतिविधियों के लिए हमारे कॉलेज प्रबंध कारिणी समिति के प्रधान श्री अमित गुप्ता, उप प्रधान श्री संदीप खंडेलवाल, सचिव श्री कपिल गोयल, कोषाअध्यक्ष श्री हेमंत अग्रवाल? जी ने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया । इस मौके पर एन? एस एस ऑफिसर श्री महेंद्र सांभरिया, डॉ पारुल मित्तल, डॉ रेखा शर्मा और श्री प्रदीप अहलावत, डॉ दिनेश शर्मा, श्रीमती संगीता, डॉ किरण बाला, श्रीमती मोनिका कुमारी, डॉ ऋचा शर्मा, श्रीमती अनीता यादव व अन्य स्टाफ मेंबर्स ने इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों का निरीक्षण किया ।

# अडिशनल प्रिंसीपल चीफ कन्जरवेटर फारेस्ट ने की वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग

**पानीपत।** अडिशनल प्रिंसीपल चीफ कन्जरवेटर ऑफ फारेस्ट के. सी. मीना ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे समय के अनुरूप कार्य करके जरूरी जानकारियों को अपलोड करने का काम करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने पानीपत सफीदों मार्ग के विस्तार की प्रगति के बारे में जानकारी ली। वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे अति शीघ्रता से इसके संदर्भ में जमीन की डिटेल को पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उन्होंने बताया कि परढ़ाना गांव में 32 एकड़ भूमि का चयन किया गया है जिसमें पौधारोपण होना है। इस मौके पर फोरेस्ट विभाग के रैंज ऑफिसर जयकिशन, पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर के अधीक्षक अभियंता जतीन, फोरेस्ट के मनोज व बीएण्डआर के मंजित मौजूद रहे।

# अमृत सरोवरों की साफ-सफाई को लेकर प्रशासन ने कमर कसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने अमृत सरोवर के सौंदर्यकरण व काला आम युद्ध स्मारक को पर्यटन स्थल का रूप प्रदान कर विकसित करने को लेकर जिला सचिवालय में मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली व जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि वे जिले के सभी गांवों को साफ-सुथरा देखना चाहते हैं ताकि शहर के लोग ये कहें कि हमें गांव से सीखना है। उपायुक्त ने बताया कि 31 अगस्त से पहले मत्स्य के लिए पोंड चालू हो जाने चाहिए। उपायुक्त ने सभी खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को शीघ्रता से करें व इसके परिणाम उन्हें अति शीघ्र दिखाई देने चाहिए। जिला खण्ड एवं विकास पंचायत अधिकारी सुमित चौधरी ने




उपायुक्त व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी को आश्वासन दिया कि वे इस कार्य के प्रति गंभीर हैं व इस पर अति शीघ्रता से कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि तालाबों के सौंदर्यकरण में किसी भी प्रकार की संबंधित विभाग के अधिकारी कोताही न बरते। सभी तालाबों को चकाचक करें उनके इर्द-गिर्द किसी भी प्रकार की गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। प्लास्टिक कलैक्शन सैंटर बनाकर कूड़े-कचरे को समाप्त करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य के लिए एक कमेटी के बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अवंतिका ने बताया कि 20 अमृत सरोवर (+) के तहत तालाबों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। उनके साज-सज्जे के लिए सुंदर लाइट लगाई जाएंगी और चलने के लिए साफ सुंदर रास्ते निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अमृत (++) के तहत अमृत सरोवरों के माध्यम से इनकम जनरेट की जाएगी जिसमें डीएफओ और डीडीपीओ तालाबों को एसएचजी को पट्टे पर देंगे। उन्होंने बताया कि एक बड़े प्रोजेक्ट के तहत काला आम युद्ध स्मारक के पास राजा खेड़ी गांव में 14 एकड़ भूमि में तालाब में बोटिंग की सुविधा होगी। इससे जहां लोगों को पर्यटन स्थल का आन्नद मिलेगा वहीं सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हागी। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, डीडीपीओ सुमित चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह के अलावा मत्स्य विभाग एवं अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आप की सरकार बनने पर दिल्ली व पंजाब राज्यों की तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी देंगे फ्री बिजली: राकेश चुघ

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में मंगलवार को समालखा शहर के वार्ड 1, 5 व 6 और गांव हथवाला मे आप द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ व उनकी टीम ने चौक चौराहों, घरों व दुकानों आदि में जाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है और लोगों के बिजली के बिल जीरो आते है। जबकि हरियाणा में



सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर लोगों को महंगी बिजली दी जा रही है। इससे एक गरीब व आम परिवार का बिजली का बिल भी हजारों में आता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली व पंजाब में फ्री बिजली दी जा रही है तो हरियाणा के लोगों को इतनी महंगी बिजली क्यों दी जा रही है। हरियाणा की जनता भी फ्री बिजली पाने की हकदार है। राकेश चुघ ने दावा किया कि हरियाणा में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को घरों की फ्री बिजली दी जाएगी। इस अवसर पर विरेंद्र आर्य,सुरेंद्र मांडी, कुलदीप दूहन, पवन गर्ग, गोल्डी चावला, सुनील सहरावत व सोनू गाहल्याण आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में पक्के होंगे आरोही मॉडल स्कूलों के कच्चे कर्मचारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में संचालित आरोही माडल स्कूलों में काम करने वाले अनुबंधित व कच्चे शिक्षकों तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों को सरकार नियमित करने पर विचार कर रही है। प्रदेश के सैकेंडरी शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को एक पत्र जारी करके सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों व आरोही स्कूलों के प्राचार्यो से इन स्कूलों में कार्यरत स्टाफ का पूरा ब्योरा मुख्यालय मंगवाया है। जानकारी के अनुसार ऐसे सभी शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों को प्रदेश सरकार नियमित कर सकती है, जिनकी पांच साल की सेवाएं पूर्ण हो चुकी हैं और इस सेवा अवधि के दौरान उनका कार्य गैर विवादित तथा संतोषजनक रहा है। प्रदेश में 2012 से आरोही माडल स्कूल संचालित हैं। राज्य में उनकी संख्या 36 है। इन स्कूलों में संसाधनों का काफी अभाव है, लेकिन फिर भी स्कूलों का परीक्षा परिणाम हर साल काफी शानदार रहता आया है। इन आरोही स्कूलों के परीक्षा परिणाम ने कई सीबीएसई व राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के काफी सरकारी स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। सेकेंडरी शिक्षा निदेशालय की ओर से खंड शिक्षा अधिकारियों व आरोही माडल स्कूलों के प्राचार्यो से कहा गया है कि वे नियमित होने के पात्र शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों के केस बनाकर निर्धारित प्रोफार्मा के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से मुख्यालय भेजें। इसके बाद सरकार इस बारे में फैसला लेगी।

# मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाएं किसान- डीसी अनीश यादव

**करनाल।** किसानों की आय में वृद्धि करने व फसल विविधिकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते है।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है।

डीसी ने बताया की कई बार यह देखने में आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नहीं मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे (नुकसान) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुआवजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी।

जिला बागवानी अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत निम्नलिखित फसलों आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन, भिंडी, मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू,आडू, आलू बुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सब्जियों व मसालों पर 30000 प्रति एकड़ का बीमा किया जाएगा जिसके लिए किसान को 750 रुपये प्रति एकड़ भुगतान करना होगा। वहीं फलों की खेती पर 1000 प्रति एकड़ का प्रीमियम देखकर किसान 40000 प्रति एकड़ का बीमा करवा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है। जिला में इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान इस विषय में और अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला बागवानी अधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# जिला महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया एक-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**पानीपत।** महिला एंव बाल विकास विभाग की ओर से जिला सचिवालय में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साईबर अपराध बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के अलावा जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर अध्यापकों, पुलिस कर्मचारियों व जिला बाल संरक्षण यूनिट में कार्यरत कर्मचारियों को पोक्सो के बारे में जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी परविंद्र कौर ने शिविर में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटी बेटों से कम नही है। हर क्षेत्र में बेटियों ने साबित करके दिखा दिया है कि वे भी अपनी प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में महारत हासिल कर सकती है।

शिविर में साईबर सैल से जुड़े आवेश व प्रदीप ने फेक आईडी कॉलिंग, डाटा मिसयूज व वाहट्सअप नंबरों पर साईबर अपराध के फैलाव को लेकर जागरूक किया।




उन्होंने बताया कि साईबर अपराध पर काबू पाने के लिए सबसे पहले हमें स्वयं को जागरूक करना होगा।

इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता ने मिशन वात्सल्य स्कीम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों को उनके नैतिक अधिकारों व कर्त्तव्यों के प्रति सचेत करें। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. मुकेश आर्य ने साईबर क्राइम के बढ़ते प्रकोप पर रोशनी डाली। इस मौके पर जिला बाल कल्याण समिति की सदस्य सोमती, संगीता व सुमन आदि मौजूद रहे।

# बढ़ने लगा फुट स्पा का क्रेज



**चेहरे** की देखभाल के साथ—साथ जरूरी है आपके पैर भी खूबसूरत दिखें। इसीलिए महिलाएं अब पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए फुट स्पा का सहारा ले रही हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जितना जरूरी हेयर स्पा या बॉडी स्पा है, उतना ही जरूरी है फुट स्पा। पैरों को ज्यादातर लोग नजर अंदाज करते हैं, लेकिन इनकी साफ-सफाई व रैगुलर देखभाल बेहद जरूरी है। फुट स्पा न केवल आपके पैरों को खूबसूरत बनाता है, बल्कि पैरों के दर्द से भी राहत दिलाता है। ब्यूटी सैलून के साथ—साथ घर पर भी थोड़ा समय निकाल कर आप अपने पैरों की टैनिंग दूर कर सकते हैं और इन्हें सॉफ्ट व खूबसूरत बना सकते हैं। वुमन भास्कर ने फुट स्पा को लेकर शहर की ब्यूटी एक्सपर्ट्स से बात की और जाने पैरों की देखभाल के टिप्स :

**महीने में एक बार जरूर लें फुट स्पा :** ब्यूटी एक्सपर्ट रूपाली बताती हैं कि ज्यादातर महिलाएं अपने चेहरे की खूबसूरती को लेकर ही चिंतित होती हैं, लेकिन अब कुछ समय से वे पैरों का भी ध्यान रखने लग गई हैं। बॉडी स्पा व हेयर स्पा की सर्विस के साथ—साथ अब फुट स्पा की भी डिमांड बढ़ रही है। 200 रुपए से लेकर 1100 रुपए के एफोर्डेबल रेट्स पर फुट स्पा लिया जा सकता है। महीने में कम से कम दो बार फुट स्पा जरूर करवाना चाहिए। इसी के साथ—साथ पैडीक्योर भी बेहद जरूरी है, ताकि पैरों से डेड स्किन निकल सके और पैर साफ दिखें।

**गर्मी में कूल इफैक्ट :** शॉज की सैंटर हैड ईशा बताती हैं कि कुछ महिलाओं को पैरों में गर्माइश महसूस होती है। इसके लिए उनके सैलून पर फूट आईस वर्क स्पा दिया जाता है। इसके अलावा अलग—अलग तरह के स्पा जैसे डी-टैन, चॉकलेट फूट स्पा, फूट हील जैसा स्पा उपलब्ध है। ईशा बताती है कि कई महिलाओं को क्रेक हील्स की परेशानी ज्यादा होती है। ऐसे में फूट स्पा मददगार साबित होता है।

**एंटी टैनिंग ब्लीच का करें इस्तेमाल:** ब्यूटी एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कम खर्च में भी घर पर रहकर पैरों की देख भाल की जा सकती है। इसके लिए मार्केट में कई तरह की एंटी टैनिंग ब्लीच उपलब्ध है। ब्यूटी एक्सपर्ट रजनी बताती हैं कि गर्मियों में टैनिंग ज्यादा होती है। शूज न पहनने के कारण महिलाओं के पैरों पर टैनिंग का ज्यादा इफैक्ट होता है। इसीलिए एंटी टैनिंग ब्लीच का हर 15 दिन में प्रयोग मददगार साबित हो सकता है।

**करें फुट मसाज:** पैरों को रीलैक्स करने के लिए फुट मसाज मददगार साबित हो सकती है। इससे पैर साफ भी हो जाते हैं और आपकी थकान भी दूर होती है। आप घर पर भी पैरों का शॉर्टकट में पैडीक्योर कर सकते हैं। इसके लिए बाथ टब में गर्म पानी लें और उसमें लिक्विड सोप डालें। कुछ देर तक पानी में पैर रखें व इन्हें ब्रश से साफ करें। मार्केट में उपलब्ध स्क्रब का भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद टॉवल से पोंछ कर कोल्ड क्रीम या नारियल का तेल लगाएं।



## खमण पिजा केक

**सामग्री :** आधा पैकेट इंस्टेंट खमण मिक्स, आधा टीस्पून ऑरिगेनो, आधा टीस्पून चिली फ्लेक्स, 1 टीस्पून तेल, 1 टीस्पून तिल, 2 टीस्पून टोमैटो केचअप, 2 टीस्पून चिली गर्लिक सॉस, 2 टीस्पून टेबेस्को (एक तरह का सॉस), 2 टीस्पून पिजा मसाला, सजावट के लिए कटे प्याज, कटी शिमला मिर्च, मकई के दाने और आवश्यकतानुसार पानी।

**विधि :** खमण मिक्स में ऑरिगेनो, चिली फ्लेक्स और पानी को मिला लें। चिकनाई लगे बर्तन में अच्छी तरह भरें। 5 मिनट तक भाप में पकाएं। ठंडा होने दें। कड़ाही में तेल गर्म करें तिल डालें और इसे खमण केक पर फैला दें। अब केचअप, टेबेस्को और चिली सॉस को मिलाकर खमण केक पर फैला दें। कद्दूकस किया हुआ चीज, पिजा मसाला, कटी सब्जियां और कॉर्न डालकर सजाएं। 250 डिग्री सें। पर 2 मिनट तक (चीज पिघलने तक) बेक करें।

## कॉर्न रायता

**सामग्री :** 1 कप दही, 1 कप कॉर्न यानी मकई, आधा टमाटर, 3-4 टीस्पून हरी धनिया, आधा टीस्पून हरी धनिया, आधा टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, नमक स्वादानुसार।

**छौंक के लिए :** आधा टीस्पून तेल, आधा प्याज, आधा शिमला मिर्च, आधा टीस्पून राई, आधा टीस्पून जीरा, 2-3 करीपत्ते, 2 बोरिया मिर्ची।

**विधि :** रायता की सभी सामग्रियों को मिलाएं। छौंक तैयार करें। रायते में छौंक देकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। ठंडा-ठंडा सर्व करें।




# सजावटी खूबसूरत फ्रूट बोल्स

अपनी डाइनिंग टेबल को दें नया लुक कुछ स्टाइलिश और ऐसे शानदार फ्रूट बोल्स तथा फ्रूट हैंगर्स से, जो बढ़ा दें जायका खाने का। ताजे और रसीले फल लगते हैं मजेदार, चाहे वे किसी भी मौसम में परोसे जाएँ। मेहमानों का दिल लुभाने के लिए फ्रूट्स सर्व करने हों.. तो अपनाइए ये सजीले बोल्स।

- प्लेन और एक रंगे बोल्स के फीकेपन से अगर बोरियत होने लगी हो तो क्यों न आजमाकर देखें रंग-बिरंगे पंछियों से सजी खूबसूरत बोल्स को।
- एक बेहतरीन और खास कलेक्शन है रंग-बिरंगी फूल-पत्तियों से सजी केक ट्रे, ग्लासेज और फ्रूट ट्रे का, जिसे देखते ही खिल उठेगा आपके मेहमानों का मन। पेड़-पौधों और पहाड़ों की हरियाली मानो जी उठती है काँच के बने इन खूबसूरत बोल्स में।
- कुछ लोग दुनियाभर से आर्ट पीसेज खरीदने के शौकीन होते हैं, ऐसे में इटेलियन अंदाज से बनी फ्रूट बोल्स हो सकती है एक खास पसंद।
- खालिस और उम्दा क्वालिटी की चीजें खरीदने की दिलचस्पी यदि आप में है तो सोने पर उकेरी गई डिजाइन वाले पोर्सलीन बाउल को अपनाइए। इसे देखकर सभी आपकी पसंद के कायल हो जाएँगे।



- फूल, पत्तियों तथा फलों के आकार में बने दिलकश बोल्स जताते हैं आधुनिकता की पहचान और इनसे बढ़ती है आपके टेबल की शान।
- नीले, हरे-लाल रंगों में बने ग्लास बोल्स भी आपके टेबल को देते हैं एक सोफिस्टिकेटेड लुक। चिकने ग्लास वेयर के साथ कलर्ड पोर्सलीन के मिश्रण से बने सपाट फ्रूट बोल्स में रखे फलों को देखते ही आपके मेहमानों का दिल उन्हें खाने के लिए ललचा उठेगा।
- अगर आप हों बेहद कलाप्रेमी तो हाथों से चित्रकारी किए गए फ्रूट बोल्स में भी आपके मनपसंद फल दिखेंगे बेहद लाजवाब और सुंदर।
- इसके अलावा आप बाँस से बनी फ्रूट-बोल्स को भी उपयोग में ला सकते हैं। ये न केवल दिखने में सुंदर लगेंगी बल्कि नजाकत का एहसास भी देंगी।
- बच्चों के लिए विशेष तौर पर कार्टून कैरेक्टर से सजी फ्रूट-बोल्स लाई जा सकती हैं।
- आजकल मैटल से बनी डिजायनर बोल्स का भी काफी चलन है। ये ज्यॉमेट्रिकल या कुछ अजीब डिजायनों में भी मिलती हैं जो देखने में आकर्षक तथा अनूठी लगती हैं। इसी तरह क्रिस्टल से बनी बोल्स भी चलन में हैं। हालाँकि ये थोड़ी महँगी हैं लेकिन यदि आप कुछ-अलग हटकर खरीदने वालों में से हैं तो आपके लिए ये बिलकुल सही पसंद है।



- कपड़ों से बनी टोकरीनुमा बोल्स भी वर्तमान में प्रचलन में है। इनमें फ्रूट्स के अलावा चपाती आदि भी रखी जा सकती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## काकुरो पहेली - 2924




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 2923 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कंजूस अपने खेत में जा रहा था. अचानक उसे कांटा चुभ गया. वह बड़ी बहादुरी से कांटा निकालते हुए बोला, 'ईश्वर तेरा लाख-लाख धन्यवाद है कि मैं जूते पहनकर नहीं आया वरना मेरे अच्छे जूते में सूराख हो जाता.'

एक किरायेदार ने मकान मालिक से शिकायत की कि 'जनाब ये आपका मकान कैसा है? दिन-रात चूहों की भागदौड़ देखने को मिलती है.'

मकान मालिक ने कहा- 'तो क्या आप दस रुपये में घुड़दौड़ देखना चाहते हैं?'

मालकिन: कितनी बार कहा है कि सुबह छह बजे दूध दिया करो.


दूधवाला: हम छह बजे दूध नहीं ला सकते. छह बजे नल में पानी भी नहीं आता.

एक साहब को खाने के बाद उंगलियां चाटने की आदत थी. एक बार एक दावत में उन्होंने उंगलियां चाटनी शुरू कर दीं, बाजू वाले साहब ने भी अपना हाथ आगे करके कहा-जरा इसे भी साफ कर दो.

जज जेबकतरे से-अच्छा बताओ तुमने भलाई का कोई काम किया?

जेबकतरे ने जवाब दिया-सर, हमीं लोगों के कारण पुलिस विभाग और अदालत में हजारों लोगों को राजी-रोटी का सहारा मिला है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2924



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2923



## सूडोकु -2924


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2923 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 2924



**बाएँ से दाएँ**

1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली -2923 का हल



संस्कार उजाला


# सबा के साथ विदेश में वेकेशन एंजॉय किया ऋतिक ने



हाल ही में एक्टर ऋतिक रोशन ने अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ विदेश में वेकेशन एंजॉय किया। ऋतिक अब छुट्टियां मना कर वापस आ चुके हैं। उनकी वेकेशन की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसे देखने के बाद हर फैन उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहा। ऋतिक रोशन ने हमेशा अपने लुक्स से फैंस का ध्यान खींचा है। वह चाहे किसी फिल्म के लिए हो, पार्टी के लिए या फिर वेकेशन के दौरान क्लिक की गई तस्वीरों की। फैंस उन्हें हर अंदाज में पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें ऋतिक रोशन का गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों में एक्टर कि शर्टलेस फोटो में पहले और बाद में वाला हाल नजर आया है, जिसे देखकर फैंस उनकी उम्र पर सवाल करने लगेंगे।

ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई और पुरानी फोटो शेयर की है। इन शर्टलेस फोटोज में एक्टर की जबरदस्त फिटनेस और ट्रांसफॉर्मेशन नजर आ रही है। उनके एब्स और मसल्स कमाल के लग रहे हैं। पुरानी फोटो में ऋतिक को पूल से निकलते देखा जा सकता है। गीले बालों के साथ वह अपनी मसल्स फ्लॉन्ट करते देखे जा सकते हैं। वहीं, नई फोटो में ऋतिक जिम में नजर आ रहे हैं। ऋतिक का ट्रांसफॉर्मेशन देख हर कोई हैरान है। इन फोटोज पर सबा आजाद ने भी कमेंट किया।

उन्होंने ऋतिक की बाद वाली तस्वीर को पसंद करते हुए उन्हें ज्यादा चीज खाने की सलाह दी है। उनके अलावा सुमित व्यास सहित अन्य सिलेब्रिटिज ने भी ऋतिक के टोन्ड मसल्स पर प्यार लुटाया है। इस वर्सटाइल एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें, तो फैंस उन्हें फाइटर और वॉर 2 फिल्म में देखेंगे। फाइटर जनवरी, 2024 में रिलीज होगी। बता दें कि एक्टर ऋतिक रोशन एक्टिंग के अलावा अपने लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। उनके शार्प फेशियल फीचर्स के साथ ही टोन्ड बॉडी के लिए भी फैंस से तारीफें सुनने को मिलती हैं।



# सलमान का नया लुक...सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपना नए गंजे लुक से फैंस को चौंका दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान को ब्लैक शर्ट और मैचिंग ट्राउजर पहने देखा जा सकता है। उन्होंने हेयरस्टाइल में गंजा स्टाइल रखा है, यह देख हर कोई हैरान है। उनके नए लुक को देखने के बाद फैंस ने अंदाजा लगाया कि यह हेयरस्टाइल उन्होंने आने वाले प्रोजेक्ट के लिए रखा होगा। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सलमान शाहरुख खान की एक्शन थ्रिलर जवान का प्रमोशन कर रहे हैं, जिसमें शाहरुख भी गंजे लुक में हैं।

एक फैंस ने लिखा कि तेरे नाम मूवी राधे लुक। ओल्ड सलमान इज बैक। वह मास्टरपीस फिल्म सुल्तान की तरह दिख रहा है। भाईजान जवान को प्रमोट कर रहे हैं। सुल्तान 2 या तेरे नाम 2..? तेरे नाम 2 लोड हो रहा है? हालांकि, सलमान ने अपने नए लुक के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं सलमान आखिरी बार शाहरुख की फिल्म पठान में कैमियो रोल में नजर आए थे। उन्हें फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित एक्शन कॉमेडी किसी का भाई किसी की जान में भी देखा गया था। उनकी अगली फिल्म टाइगर 3 है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित है। फिल्म में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी अहम भूमिका में हैं।

# दीपिका को देख धड़कने लगा था दिल: दुलकर



बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को लेकर रोपोसो पर एक चैट सेंशन के दौरान एक्टर दुलकर सलमान ने बडा खुलासा किया। एक्टर ने कहा कि वह दीपिका पादुकोण के बहुत बड़े फैन हैं। दुबई में पहली बार उनको देखकर दिल तेजी से धड़कने लगा था। दुलकर को नेटफ्लिक्स पर अपकमिंग रिलीज गन्स एंड गुलाब के अनुरूप एक स्टार को या तो एक गुलाब या एक गन देनी थी। यह पूछे जाने पर कि वह दीपिका को क्या देंगे, उन्होंने खुलासा किया, गुलाब, क्योंकि वह मेरे लिए गुलाब की तरह है। मैं ओम शांति ओम के बाद से दीपिका का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। मुझे याद है जब मैं दुबई में काम कर रहा था तो वह कार्तिक कॉलिंग कार्तिक (2010) के प्रीमियर के लिए वहां आ रही थी। मैं किसी तरह प्रीमियर के लिए टिकट पाने में कामयाब रहा।

मैं रेड कार्पेट के किनारे खड़ा था, जहां मैंने उन्हें पहली बार व्यक्तिगत रूप से देखा था। यह मेरे लिए एक (ओम शांति ओम) पल था! जहां उन्होंने दीपिका के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की, वहीं उन्होंने शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अल्लू अर्जुन जैसे सितारों को एक गुलाब दिया, जबकि, उन्होंने रजनीकांत को एक गन दी। लाइव शो के दौरान, उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उनके साथ कभी कोई क्रेजी फैन मोमेंट आया है, तो उन्होंने बताया, मैं अपने सभी फैंस से प्यार करता हूं। मैं उस वक्त टेंशन में आ जाता हूं जब युवा फैन अपनी बाइक पर मेरा पीछा करते हैं। यह बहुत डरावना है और उनके लिए सुरक्षित नहीं है। प्लेटफॉर्म पर लाइव शो के दौरान दुलकर ने रश्मिका मंदाना के सामी सामी, राम चरण के नाटू नाटू, कैटरीना कैफ के चिकनी चमेली जैसे स्टार्स के हुक स्टेप्स भी किए और बातें भी की। गन्स एंड गुलाब फर्स्ट की एक मनोरम कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में गुलाबगंज नामक अप्रत्याशित और अनिश्चित शहर में स्थापित की गई थी।

# 'सुखी' के साथ सिनेमाघरों में वापसी करने जा रहीं शिल्पा शेट्टी




बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी फिल्म 'सुखी' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सोनल जोशी द्वारा पहली निर्देशित फिल्म 'सुखी' का निर्माण क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित और बहुचर्चित शेरनी, छोरी और जलसा जैसी फिल्मों के प्रड्यूसर्स अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज़ के द्वारा किया गया है। एयरलिफ्ट, शेरनी, छोरी और जलसा जैसे ब्लॉकबस्टर पर एक सफल सहयोग के बाद टी-सीरीज और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट ने अपने मजेदार मनोरंजन 'सुखी' की देशभर में थिएट्रिकल रिलीज की घोषणा की। यह फिल्म सोनल जोशी की पहली डायरेक्टोरियल फिल्म है, जो भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है। इसमें कुशा कपिला, दिलनाज़ ईरानी, पवलीन गुजराल, चैतन्य चौधरी और अमित साध के साथ बेहतरीन अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नज़र आ रहीं हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, और इसका स्क्रीनप्ले पॉलोमी दत्ता द्वारा लिखा गया है। सुखी 38 वर्षीय पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत 'सुखी' कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं। ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुज़रते हुए और अपने जीवन के सबसे कठिन परिवर्तन करते हुए एक पत्नी और माँ होने के बाद फिर से एक महिला बनने तक सुखी एक 17 वर्षीय लड़की बनकर दोबारा से ज़िंदगी का आनंद उठाती हैं। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर हाल में जारी किया है, जो दर्शकों को सुखी की दुनिया की पहली झलक दिखाता है। फिल्म के प्रति दर्शकों का उत्साह बढ़ता जा रहा है, जो फिल्म बफ्स को एक ऐसा मज़ेदार और यादगार अनुभव देगा, जिससे उनके जेहन में यह फ़िल्म सदा के लिए बस जाएगी। सुखी 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# अदा शर्मा पर्दे पर बनेंगी फीमेल सुपरहीरो



'द केरल स्टोरी' की सफलता के बाद से एक्ट्रेस अदा शर्मा की लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। 'द केरला स्टोरी' अब तक की महिला प्रधान फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही है। इस फिल्म की सफलता के बाद से ही अदा के पास कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है।

कमांडो फ्रैंचाइजी से अपनी एक्शन छवि के लिए जानी जाने वाली अदा शर्मा आगे एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अदा हाल ही में रिलीज हुई कमांडो सीरीज में भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं।

अदा की सीरीज के एक्शन और पंचलाइन डायलॉग्स के एडिट और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी बीच हाल ही में एक इंटरव्यू में अदा से पूछा गया कि उनका पसंदीदा एक्शन सुपरहीरो कौन है तो अदा ने कहा 'हनुमानजी'। सोशल मीडिया पर फैंस उनके अनोखे जवाब से शांत नहीं रह पा रहे हैं।

इस बारे में पूछे जाने पर अदा कहती हैं, हनुमानजी की वीरता को उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, उनके ज्ञान के साथ जोड़कर इतना शक्तिशाली नायक नहीं देखा गया है। वह उत्कृष्ट संगीतकार भी थे। वह कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते है... एक छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक। वह मेरे सुपरहीरो हैं।

अदा ने हाल ही में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सिलंबम करते हुए एक वीडियो साझा किया था जो ऑनलाइन जगत में वायरल हो गया था। इसके अलावा 1920 में उनकी पहली फिल्म में उनका सबसे लोकप्रिय दृश्य हनुमान चालीसा का पाठ करना था जब आत्मा उनको अपने कब्जे में ले लेती है।

# तेलुगू ड्रामा फिल्म ब्रो का होने जा रहा है डिजिटल प्रीमियर

टॉलीवुड सुपरस्टार पवन कल्याण और साई धर्म तेज की फिल्म ब्रो का अब डिजिटल प्रीमियर होने जा रहा है। फिल्म ब्रो को सिनेमाघरों में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। लेकिन अब यह फिल्म अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। अब यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म की ओटीटी रिलीज की तारीख की घोषणा नेटफ्लिक्स इंडिया के इंस्टाग्राम पर की गई, जिसने तस्वीर का एक पोस्टर जारी किया और कैप्शन दिया गया कि समय कीमती है, लेकिन इस बार यह शक्तिशाली है। बताया जा रहा है क समुथिरकानी द्वारा निर्देशित तेलुगू भाषा की अलौकिक-फंतासी-कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 2021 की तमिल फिल्म विनोदया सीथम का रूपांतरण है, जिसका कंटेंट समान था। जबकि विनोद्या सीथम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही, वहीं ब्रो इतनी सफल नहीं रही। रीमेक होने के लिए ब्रो की काफी आलोचना की गई, क्योंकि तेलुगु सिनेमा अपनी रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध है।

वहीं अन्य लोगों ने मूल तमिल फिल्म को अपनाने के इसके अधिक अनूठे दृष्टिकोण के लिए इसकी प्रशंसा की। यह फिल्म मजबूत रचनात्मक हास्य के साथ अलौकिक तत्वों को जोड़ती है, जिससे यह एक अनोखी और दिलचस्प घड़ी बन जाती है, जिसे अधिकांश दर्शकों ने स्वीकार किया है। ब्रो के पास ज्यादा व्यापक अपील नहीं थी। यह तेलुगू भाषी क्षेत्रों में सिमट गई, तमिल क्षेत्रों में कुछ सफलता मिली और कर्नाटक और केरल में बहुत कम या कोई सफलता नहीं मिली।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011